दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 249 | जयपुर, रविवार, 18 अगस्त, 2024 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-चतुर्दशी, विसं 2081 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### तावड़े भाजपा सदस्यता अभियान के प्रभारी नियुक्त



**नई दिल्ली।** भाजपा ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए सदस्यता अभियान प्रभारियों की नियुक्ति की है। दिल्ली में शनिवार को पार्टी सदस्यता अभियान के प्रमुखों की नियुक्ति की गई है। सूत्रों के मुताबिक विनोद तावड़े को राजस्थान, मध्य प्रदेश, गोवा, दमन और दीव एवं दादरा और नबगर हवेली के लिए सदस्य अभियान का प्रभारी नियुक्त किया गया है। बैठक की अध्यक्षता भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की। बैठक में अमित शाह के साथ पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी मौजूद थीं।

### खनिज विभाग के दो अधिकारी निलंबित




**जयपुर।** खान एवं भूविज्ञान विभाग के दो अधिकारियों को कार्य में लापरवाही व अनियमितता बरतने पर राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया। आदेश के अनुसार खनिज अभियंता सतर्कता जैसलमेर प्रकाश माली और सहायक खनिज अभियंता जालोर राजेन्द्र चौधरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। चौधरी का निलंबन काल में मुख्यालय उदयपुर किया गया है। राज्य सरकार ने दोनों अधिकारियों को निलंबित कर स्पष्ट संदेश दिया है कि प्रदेश में अवैध खनन गतिविधियों पर कार्रवाई में शिथिलता, लापरवाही और अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### राज्यसभा उपचुनाव के लिए एक नामांकन दाखिल

**जयपुर।** जयपुर प्रदेश में राज्यसभा की एक सीट के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए शनिवार को निर्दलीय बबीता बाघवानी ने एक नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। बता दें, राज्यसभा की 12 खाली सीटों के लिए 3 सितंबर को चुनाव होगा। इन 12 सीटों में 2-2 सीटें असम, बिहार, महाराष्ट्र की हैं, जबकि 1-1 सीट हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, तेलंगाना और ओडिशा की है। चुनाव के नतीजे 3 सितंबर शाम 5 बजे सामने आएंगे।

## कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर मामला... स्वास्थ्य विभाग ने सभी छुट्टियां अग्रिम आदेश तक की रद्द

# सरकारी-निजी अस्पतालों में रेजिडेंट्स नहीं आए, मरीज हुए परेशान

■ जयपुर, अजमेर, जोधपुर, सीकर, बीकानेर सहित कई जिलों में हड़ताल का व्यापक असर

**बेधड़क | जयपुर**

कोलकाता में रेजिडेंट की बलात्कार के बाद हत्या के विरोध में प्रदेश में रेजिडेंट डॉक्टरों के चार दिन से चल रहे कार्य बहिष्कार के बाद अब निजी अस्पतालों व क्लिनिकों के चिकित्सक भी विरोध पर उतर आए हैं।

शनिवार को प्रदेश भर में निजी चिकित्सा सेवाएं प्रभावित रहीं। सेवारत चिकित्सकों की जॉइंट एक्शन कमेटी और राजस्थान मेडिकल कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन ने भी सुबह 8 से 10 बजे तक दो घंटे के कार्य बहिष्कार किया। रेजिडेंट डॉक्टर्स की मांग पर प्राइवेट हॉस्पिटल एंड नर्सिंग होम्स सोसायटी ने शनिवार से ओपीडी, ओटी और जांच की सेवाएं बंद करने की घोषणा की है। इसके चलते जोधपुर में 200 ऑपरेशन नहीं हो सके। अजमेर में मिलिट्री और रेलवे हॉस्पिटल से मदद मांगी गई है।




### एमओ और जूनियर डॉक्टर्स जुटे

इधर, डॉक्टरों के कार्य बहिष्कार को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने राजस्थान में नियुक्त सभी डॉक्टर, मेडिकल ऑफिसर और अन्य पैरामेडिकल स्टाफ की छुट्टियों को अग्रिम आदेश तक रद्द कर दिया है। साथ ही, सभी को अपने कार्यक्षेत्र पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल सवाई मानसिंह (एसएमएस) हॉस्पिटल की इमरजेंसी में सीनियर रेजिडेंट के हड़ताल पर रहने के चलते यहां मेडिकल ऑफिसर और जूनियर डॉक्टर की ड्यूटी लगाई गई है।

### स्टेट कंट्रोल रूम बनाया

प्रदेश में डॉक्टरों की हड़ताल को देखते हुए सरकार ने एक डेडिकेटेड स्टेट कंट्रोल रूम बनाया है। इसमें राउंड द क्लॉक तीन सेगमेंट में ड्यूटी लगाई गई है। इस कंट्रोल रूम पर आने वाली हेल्थ सेक्टर संबंधी शिकायतों आदि के निस्तारण के लिए 6 डॉक्टर्स समेत 9 स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है। स्टेट में कहीं से भी आने वाले फोन का निस्तारण करने की जिम्मेदारी इन्हें सौंपी गई है।

### आमजन की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम

सरकारी अस्पतालों में आपातकालीन सेवाएं एवं अन्य आवश्यक बेसिक स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रहेंगी। किसी भी आपात स्थिति में आवश्यक जानकारी एवं सेवाओं के लिए आमजन कंट्रोल रूम नंबर 0141-2225624 और 0141-2225000 पर संपर्क कर सकेंगे। सवाई मानसिंह अस्पताल में ओपीडी मरीजों की संख्या 40 प्रतिशत तक कम हो गई है। कोटा के मेडिकल कॉलेज में करीब 50 ऑपरेशन टाल दिए गए हैं। राजधानी के जयपुरिया अस्पताल में भी ओपीडी बहिष्कार का असर देखने को मिला। रेजिडेंट के भरोसे होने वाली जांचें भी प्रभावित हुईं। प्रदेश में जयपुर, अजमेर, जोधपुर, सीकर, बीकानेर सहित कई जिलों में हडताल का व्यापक असर देखने को मिला।

## गाड़ी आगे-पीछे करने को लेकर उपजा था विवाद

# अब राजधानी में बवाल... युवक की मौत के बाद हंगामा

■ प्रदेश के स्कूलों में कैंची-चाकू लेकर जाने पर लगा बैन

■ उदयपुर में अब हालात काबू में, खुले बाजार, आरोपी के घर चला बुलडोजर

**बेधड़क | जयपुर/ उदयपुर**

प्रदेश के उदयपुर शहर में बीते शुक्रवार को स्टूडेंट की आपसी झगड़े में हुई चाकूबाजी के बाद उपजे आक्रोश के बाद शनिवार को राजधानी जयपुर में दो समुदायों के बीच तनावपूर्ण माहौल हो गया। यहां एक युवक की मौत के बाद मामला उग्र हो गया। दूसरी ओर, प्रदेश की इन दो घटनाओं के बाद शनिवार को सरकार ने एक गाइडलाइन जारी कर दी। इसके तहत अब प्रदेश के स्कूलों में कैंची-चाकू लेकर जाने पर पूरी तरह से बैन लगा दिया गया है। उधर, उदयपुर में शनिवार को माहौल शांत रहा। हालांकि घायल छात्र अभी भी वेंटिलेटर पर है। आरोपी छात्र फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। वहीं, उदयपुर नगर निगम ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए आरोपी छात्र के घर पर बुलडोजर चला कर मकान गिरा दिया। दावा किया गया कि ये मकान वन विभाग की जमीन पर बना है, जिसके तहत ये कार्रवाई की गई।



दिनेश स्वामी, मृतक



शाहरुख, आरोपी



### जयपुर में युवक की मौत के बाद हंगामा

राजधानी जयपुर में शनिवार को दो समुदाय के लोगों के बीच हुई मारपीट के बाद खासा बवाल हो गया। शहर के शास्त्री नगर इलाके में गाड़ी आगे-पीछे करने को लेकर विवाद हो मारपीट में बदल गया। मामला इतना बढ़ा कि ई-रिक्शा सवार युवकों ने स्कूटी सवार युवकों के साथ मारपीट कर दी। बाद में स्कूटी सवार एक युवक की हालत बिगड़ी और उसकी हॉस्पिटल में मौत हो गई। इसके बाद घायल युवक के परिवार वाले शास्त्री नगर थाने पहुंच गए और हंगामा करने लगे। घटना के बाद बाजार बंद करवाने की कोशिश की गई। सुबह करीब 9 बजे टायर जलाकर सड़क जाम कर दिया। इसके बाद दोपहर करीब 3 बजे पुलिस और परिवार के बीच में सहमति बन गई। मृतक के परिवार के एक सदस्य को संविदा पर सरकारी नौकरी और डेयरी बूथ दिया जाएगा। मुआवजे की घोषणा सीएम के स्तर पर होगी। उधर, पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। एक आरोपी युवक की गिरफ्तारी भी हुई है। बाकी दो युवकों की तलाश की जा रही है।

### बीती रात हुई थी कहासुनी

एडि. डीसीपी नॉर्थ बजरंग सिंह के अनुसार घटना आजाद नगर में शुक्रवार रात साढ़े 8 बजे हुई। ई-रिक्शा सवार तीन युवक और स्कूटी सवार दो युवकों के बीच गाड़ी आगे-पीछे करने को लेकर कहासुनी हो गई। ई-रिक्शा पर आजाद नगर निवासी शाहरुख के साथ 2 युवक थे। स्कूटी पर दिनेश स्वामी व जितेंद्र सवार थे। ई-रिक्शा सवार युवकों ने स्कूटी सवार युवकों से मारपीट कर दी, तो दिनेश नीचे गिर गया। उसे चोट आई। घर जाने पर उसके सीने में दर्द हुआ। उसे कांवटिया हॉस्पिटल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई।

### शिक्षा विभाग का आदेश

उदयपुर के स्कूल में हुए बवाल के बाद शनिवार को शिक्षा विभाग ने स्कूलों में स्टूडेंट्स को लेकर गाइडलाइन जारी की है। इसके बाद अब स्टूडेंट्स स्कूल में धारदार हथियार, चाकू, कैंची, छुरी के साथ ही किसी तरह की नुकीली वस्तु लेकर नहीं जा सकेंगे। इसको लेकर टीचर्स द्वारा भी लगातार स्टूडेंट्स को गाइड करने के साथ स्कूल बैग की चैकिंग भी की जाएगी। इसके बावजूद किसी स्टूडेंट द्वारा लापरवाही की जाती है। स्कूल उसके खिलाफ कार्रवाई करेगा।

### कार्रवाई नहीं होते देख भड़के प्रदर्शनकारी

प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को थाने के पास ही सर्किल के आसपास की दुकानें बंद करानी शुरू कर दीं। इसके बाद बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को खदेड़ना शुरू किया। इस दौरान बीजेपी विधायक गोपाल शर्मा भी पहुंचे। विरोध में विधायक धरने पर बैठ गए। इसके बाद दोपहर करीब 3 बजे पुलिस और परिवार के बीच में सहमति बन गई। पीड़ित परिवार के एक सदस्य को संविदा पर सरकारी नौकरी और डेयरी बूथ दिया जाएगा। मुआवजे की घोषणा सीएम के स्तर पर होगी।



### मुख्यमंत्री से अठावले ने की शिष्टाचार मुलाकात



*बेधड़क.जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात की। शर्मा से अठावले की यह शिष्टाचार भेंट थी। इस दौरान दोनों नेताओं ने केन्द्र एवं राज्य सरकार की सामाजिक कल्याण की योजनाओं पर चर्चा की।*

## कोटा में एसीबी की बड़ी कार्रवाई

# कैथून थाने का कांस्टेबल 3 लाख रुपए की घूस लेते हुए गिरफ्तार

**बेधड़क | जयपुर/कोटा**



एसीबी कोटा टीम ने कैथून में ट्रैप कार्रवाई की है। टीम ने कैथून थाने के कांस्टेबल को 3 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान एसएचओ थाना परिसर में मौजूद था। ट्रैप की भनक लगते ही वह फरार हो गया। कांस्टेबल भरत राम जाट, जमीन विवाद में कब्जा दिलाने की एवज में परिवादी से एसएचओ के लिए रिश्वत की डिमांड कर रहा था, जिसके बाद कोटा की टीम ने कैथून जाकर ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया।

### एसएचओ के आवास की तलाशी



एसीबी की टीम ने एसएचओ के आवास की तलाशी ली। तलाशी में इंडिया मेड फॉरेन शराब की 20-21 बोतलें मिली। कार्रवाई में तीन घंटे से ज्यादा वक्त लगा। ट्रैप की कार्रवाई से कैथून थाने में हड़कंप मच गया। एडिशनल एसपी विजय स्वर्णकार ने बताया कि परिवादी ने कुछ समय पहले कैथून में जमीन खरीदी दी थी। जिसकी रजिस्ट्री करवा ली, नामांतरण भी हो गया था, लेकिन जमीन मालिक कब्जा नहीं छोड़ रहा था। उल्टा जमीन पर कब्जा नहीं करवाने की शिकायत थाने में दे दी। जमीन पर कब्जा दिलवाने की एवज में कैथून थाना एसएचओ ने परिवादी से रिश्वत की डिमांड की। परिवादी रिश्वत नहीं देना चाहता था। शुक्रवार को परिवादी ने एसीबी चौकी में शिकायत दी। शिकायत सत्यापन में रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई थी।

## हाल-ए-मौसम

# बीसलपुर 313RLM पार, चंबल को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

- जोधपुर, बीकानेर संभाग के अधिकांश भागों में हल्की से मध्यम बारिश
- प्रदेश के कुछ जिलों में मानसून की रफ्तार पड़ी धीमी... साफ रहा मौसम
- खुश खबरी: बीसलपुर होने वाला है लबालब

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश के कई जिलों में शनिवार को मौसम साफ रहने से कई दिनों से जारी तेज बारिश से निजात मिली है। राजधानी जयपुर में सामान्यतः दिनभर मौसम साफ रहा। हालांकि शनिवार सुबह 5 बजे हुई मध्यम दर्जे की बारिश ने शहर को भिगोया। इसके अलावा प्रदेश के कई जिलों में दिनभर धूप खिली। इधर, जोधपुर व बीकानेर के कुछ इलाकों में तेज बारिश का दौर शनिवार को भी जारी रहा। मौसम विभाग की नई रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के किसी भी जिले में अब 18 से 21 अगस्त तक बारिश नहीं होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिम राजस्थान पर चक्रवाती परिसंचरण अब पश्चिमी राजस्थान और उसके आसपास स्थित है। यह औसत समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर तक फैला हुआ है, जो ऊंचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुका हुआ है। पश्चिमी राजस्थान पर चक्रवाती परिसंचरण से पश्चिम-मध्य अरब सागर तक औसत समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर एक द्रोणिका बनी हुई है। पश्चिमी राजस्थान में सर्वाधिक बारिश नाचना-लाठी (जैसलमेर) में 140 एमएम रिकॉर्ड की गई।



### बीसलपुर बांध में आया 12 सेमी पानी

जयपुर की लाइफलाइन बीसलपुर बांध में पानी की आवक जारी है। शनिवार को बीसलपुर बांध में 12 सेंटीमीटर पानी की आवक हुई। इससे बीसलपुर बांध का गेज 313.05 से बढ़कर 313.17 आरएलमीटर पहुंच गया। शुक्रवार के मुकाबले त्रिवेणी के गेज में कमी हुई है। त्रिवेणी का जलस्तर 2.90 मीटर पहुंच गया है। बीसलपुर बांध की ऊंचाई 315.50 आरएलमीटर है। उधर, हाड़ौती और मध्य प्रदेश में हुई बारिश से जिले से गुजरने वाली चंबल नदी खतरे के निशान 130.79 मीटर को पार कर गई है। खतरे के निशान से जल स्तर 21 सेमी ऊपर पहुंच गया है। इसको लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर हो गया है।

### दो दिन साफ रहेगा मौसम!

मौसम विभाग की जयपुर केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा के मुताबिक जोधपुर, बीकानेर संभाग के अधिकांश भागों में 18 अगस्त से बारिश की गतिविधियों में कमी होने और दिन में धूप निकलने की प्रबल संभावना है। पूर्वी राजस्थान के भी अधिकांश भागों में बारिश की गतिविधियों में कमी होने और केवल छिटपुट स्थानों पर हल्की-मध्यम बारिश आगामी 4-5 दिन होने की संभावना है।

### चार बच्चियों सहित 5 लोगों की मौत

बीकानेर के नोखा थाना क्षेत्र में शनिवार को तालाब में डूबने से चार बच्चियों की मौत हो गई। इधर, चाकसू में कृपारामपुरा गांव की बांडी नदी पर बने एनीकट में चाचा-भतीजा पानी के तेज बहाव में बह गए। भतीजे को बचा लिया गया, जबकि गणेश शर्मा (35) लापता है।

## जरूरी खबर

### भाजपा के आलोक पारीक फिर पहुंचे देवभूमि



**जयपुर**। भाजपा के आलोक पारीक राजस्थान के उज्ज्वल भविष्य की कामना के लिए केदारनाथ बाबा के कपाट खुलने से लेकर कपाट बंद होने तक प्रत्येक माह दर्शनों को जाने के लक्ष्य के क्रम में पांचवी बार देवभूमि पहुंचे। वर्तमान में केदारनाथ मार्ग में बादल फटने व हुई लैंडस्लाइड के कारण यात्रा को रोका गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा तुरंत राहत कार्य पूरा करवा जा रहा है। इसके लिए उन्होंने उत्तराखंड मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का आभार व्यक्त किया।

### सीएम-स्पीकर ने राज्यपाल को दी जन्मदिन की बधाई

**जयपुर**। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के जन्मदिन पर शनिवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने उन्हें फोन कर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने राज्यपाल को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन के लिए कामना की। राज्यपाल बागडे के जन्मदिन पर उनके निवास स्थान छत्रपति संभाजी नगर में शनिवार सुबहह से ही उन्हें मिलकर जन्म दिवस की बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। उन्हें केंद्रीय मंत्रियों, राज्य के मुख्यमंत्रियों, राजस्थान के मंत्रियों और विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट व्यक्तियों, सांसद, विधायकों, अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोगों और आमजन ने भी जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### दुर्गादास राठौड़ का 386वां जयंती समारोह आज



**जयपुर**। वीर दुर्गादास राठौड़ का 386वां जयंती समारोह रविवार सुबह पौने नौ बजे जोधपुर के डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। जयंती मनाने के साथ ही मसूरिया पहाड़ी स्थित वीर दुर्गादास राठौड़ स्मृति समिति की ओर से सुबह आठ बजे पूजा-अर्चना की जाएगी। वीर दुर्गादास स्मृति समिति के अध्यक्ष जगतसिंह राठौड़ ने बताया कि समारोह उद्योग, वाणिज्य, युवा मामले और खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धनसिंह राठौड़ एवं संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य, विधि परामर्शी एवं न्याय विभाग मंत्री जोगाराम पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व नरेश गजसिंह की अध्यक्षता में होगा। विशिष्ट अतिथि सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी होंगे।

## राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा...

# ‘दुश्मनों से घिरा है भारत, देश को एकजुट होने की जरूरत’

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि भारत-पाकिस्तान विभाजन के वक्त जिस तरह की घटनाएं हुईं थीं, उसी तरह की घटनाएं बांग्लादेश में हो रही हैं जो चिंताजनक और भारत की सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।

प्रदेश में सकल हिंदू समाज ने कई जगह रैलियां करके एक जुटता दिखाई है। निश्चित रूप से इससे पीएम नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत होंगे। साथ ही मोदी बांग्लादेश के नए सत्ताधारी दल से मजबूती के साथ वार्ता कर रहे हैं। देश में सभी को एकजुट होकर अपनी ताकत बढ़ानी होगी। देवनानी ने कहा कि देश के चारों ओर दुश्मन है, लिहाजा हम सबको राष्ट्र प्रथम की सोच रखते हुए एक साथ खड़ा होना चाहिए। मेरा आग्रह है कि हर भारतीय एक हो, यह देश हमारा है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि अजमेर के प्रशासन को भी मैंने निर्देश दिए हैं कि वह अजमेर में अवैध रूप से बसे रोहिंग्या और बांग्लादेशी का सर्वे करे। खासकर पहाड़ियों पर बसे हुए लोगों का सर्वे कर उन्हें चिह्नित करे। सर्वे के बाद प्रशासन आगामी कदम उठाए और जो अनाधिकृत रूप से यहां रह रहे हैं, उन्हें यहां से विदा करे।



### अजमेर में विकास को लगेंगे पंख

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने बातचीत में कहा कि आध्यात्मिक, सांस्कृतिक तौर पर अजमेर में विकास की गति आई है। अजमेर में पेयजल की समस्या अधिक रहती थी। पेयजल के लिए 650 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है, वहीं ईआरसीपी के माध्यम से भी अजमेर में पानी आएगा और यहां के बांध, तालाब में पानी रहेगा। अजमेर के विकास को पंख लगाने की बात कहते हुए देवनानी ने कहा कि अजमेर में 40 वर्ष पुरानी अजमेर बस अड्डे की इमारत है। बस अड्डे के समीप रोडवेज का वर्कशॉप है। इस वर्कशॉप को अन्यत्र स्थानांतरित करके बस अड्डे का दायरा बढ़ाया जाएगा। साथ ही 40 करोड़ रुपए की लागत से अत्यधिक बस स्टैंड तैयार होगा।

### चामुंडा माता मंदिर पर बनेगा रोप-वे

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि अजमेर में चामुंडा माता मंदिर पर रोप-वे बनेगा। इसके अलावा अजयपाल क्षेत्र में लेपर्ड सफारी को भी विकसित करने की योजना है। अजमेर के निकट काजीपुरा में स्पोर्ट्स कॉलेज बनेगा, वहीं पटेल स्टेडियम में एथलेटिक एकेडमी की घोषणा की गई है। पहले ही बजट में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अजमेर को काफी सौगातें दी हैं।

## जाम से मिलेगी निजात: डिप्टी सीएम दिया कुमारी

# नौ प्रमुख शहरों में 12 बाईपास निर्माण की DPR स्वीकृत

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के 9 शहरों को जाम से निजात दिलाने के लिए राज्य सरकार ने 12 बाईपास निर्माण की डीपीआर को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि प्रदेश के प्रमुख शहरों में आमजन को त्वरित यातायात की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बाईपास बनाया जाना प्रस्तावित है। बजट घोषणा की क्रियान्विति के लिए डीपीआर बनाए जाने का कार्य भी जल्द शुरू होगा।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि राज्य सरकार की वर्ष 2024-25 की बजट घोषणा के तहत प्रदेश के 9 शहरों में 12 बाईपास निर्माण प्रस्तावित हैं, जिनकी डीपीआर निर्माण के लिए 5.95 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इनमें भरतपुर, धौलपुर, सीकर, हनुमानगढ, सवाईमाधोपुर, चूरू, सुजानगढ़, झुंझुनूं और करौली जिले शामिल हैं। भरतपुर शहर के लिए स्वीकृत दो बाईपास का निर्माण कराया जाएगा, जिनसे जयपुर की ओर से आगरा जाने वाले और जयपुर की ओर से दिल्ली जाने वाले वाहनों को शहर के बाहर से बाईपास के रास्ते सीधे निकाला जा सकेगा।



### यहां-यहां बनेंगे बाईपास

- भरतपुर : बरसों से त्योंगा बाईपास और लुधावई टोल से तुहिया वाया मुरवारा, भांडोर बाईपास।
- सीकर : एनएच 52 रामू का बास से एनएच 08 कुंडली बाईपास।
- हनुमानगढ़ : हनुमानगढ़-सूरत सड़क से हनुमानगढ़ संगरिया सड़क।
- धौलपुर : एनएच 123 से एनएच 11 बी धौलपुर और एनएच 44 से एनएच 2ए धौलपुर।
- सवाई माधोपुर : सूरवाल से कुस्तला बाईपास।
- चूरू : रिंग रोड वाया तारानगर सड़क वाया बालेरी सड़क वाया रतनगढ़ सड़क वाया देपलसर सड़क से एनएच 52 चूरू।
- सुजानगढ़ (चूरू): एनएच 58 से मेगाहाइवे (सुजानगढ़)।
- झुंझुनूं: मंडावा-झुंझुनूं रोड से सीकर-झुंझुनूं रोड एनएच 11 से एनएच 08 और सीकर-झुंझुनू रोड से झुंझुनूं-उदयपुरवाटी रोड से झुंझुनूं-चिड़ावा रोड।
- करौली: मंडरायल-करौली-हिंडौन-मानवा-(एनएच 01) (हिंडौन सिटी)।

### वसुंधरा ने नटवर सिंह को अर्पित किए श्रद्धासुमन



*नई दिल्ली। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह के दिल्ली स्थित आवास पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। वहां उपस्थित स्व. नटवर सिंह के पुत्र व नदबई विधायक जगत सिंह और उनके परिवारजनों को ढाढ़स बंधाया।*

## राजस्थान विधानसभा के 47 कर्मी पदोन्नत

### ‘राजस्थान विधानसभा को देश की सर्वश्रेष्ठ विधानसभा बनाएं’



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निर्देश पर विधानसभा के 47 अधिकारी और कर्मचारियों के पदोन्नति आदेश जारी किए गए हैं। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पदोन्नत हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। देवनानी ने कहा है कि मेहनत और निष्ठा से कार्य करें और राजस्थान विधानसभा को देश की सर्वश्रेष्ठ विधानसभा बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

विधान सभा सचिवालय द्वारा जारी आदेशों के अनुसार वरिष्ठ उप सचिव पर श्रीकृष्ण, उप सचिव पर देवेंद्र प्रसाद चोटिया, इंद्रा शर्मा, प्रवीण कुमार मिश्रा और सुशील कुमार शर्मा को पदोन्नत किया गया है। इसी प्रकार धर्मेंद्र चांवरिया, फारुक खान, दिनेश कुमार शर्मा, दिनेश कुमार राव, बलबीर सिंह शेखावत, दिनेश कुमार जैन और रसिक बिहारी मीणा को सहायक सचिव बनाया गया है। पुरुषोत्तम शर्मा, सुश्री आभा रस्तोगी और अरविंद माथुर को निजी सचिव, मनोज कुमार चतुर्वेदी, लोकेश कुमार कानखेडिया, दिनेश कुमार गुप्ता और सौमित्र शर्मा को अतिरिक्त निजी सचिव पर पदोन्नत किया गया है।

कैलाश कुमार शर्मा को मुख्य अन्वेषण एवं संदर्भ अधिकारी, त्रिभुवन नारायण मीणा अन्वेषण एवं संदर्भ अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया है। अनिता कूलवाल, रघुवीर भूषण दाधीच, जुगल किशोर जोशी, चतुर्भज जागा, नवीन दाधीच, माया तंवर, महेश कुमार शर्मा, सत्य नारायण सैनी, रविन्द्र नैनावत, हेमराज खटीक, अजय मीणा, मनोज कुमार कटारिया को अनुभाग अधिकारी के पद पर पदोन्नति दी गई है। नितेश कुमार महावर, सुरेश चंद्र मेघवाल, सोहन लाल मीणा, संजय कुमार, दीपक शर्मा, सौरभ जैन, संदीप झा, राहुल तिवाड़ी, अमित शर्मा, लोकश कुमार चौधरी, राम अवतार बांगडा, लोकेंद्र कुमार, कु. आकांक्षा देव और लोकेश कुमार नोगिया को सहायक अनुभाग अधिकारी पद पर पदोन्नत किया गया है।

### देवनानी ने साइक्लोथान का पोस्टर जारी किया




**जयपुर**। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित होने वाली साइकिल रैली ‘साइक्लोथॉन’ का पोस्टर जारी किया। उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह और विधायक गोपाल शर्मा की मौजूदगी में देवनानी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में चौथे हिंदू आध्यात्मक एवं सेवा मेला, जयपुर के प्रतिनिधि शामिल थे। स्पीकर देवनानी को कार्यक्रम संयोजक डॉ. राकेश दाधीच और डॉ. शिवम अग्रवाल ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण की जागरूकता के लिए आयोजित की जाने वाली साइकिल रैली में 24 अगस्त को शहर के युवा भाग लेंगे। यह रैली सुबह 9 बजे अमर जवान ज्योति से आरंभ होकर अल्बर्ट हॉल पहुंचेगी।

### मुख्यमंत्री भजन लाल आज सीकर जाएंगे



**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा रविवार को सीकर आएंगे। सीकर जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा रविवार को जयपुर से सुबह 10:15 बजे हेलिकॉप्टर से प्रस्थान कर 10.45 बजे हेलीपेड पुलिस लाइन सीकर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री शर्मा पुलिस लाइन से कार द्वारा प्रस्थान कर श्री हरिनाथ चतुर्वेदी एवं संत शिरोमणी मकडीनाथ जी महाराज की मूर्ति अनावरण एवं सभा स्थान कर्मस्थली, पिपराली रोड सीकर के कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा दोपहर 1.25 बजे कार्यक्रम स्थल से प्रस्थान कर दोपहर 1.30 बजे हेलिपेड पुलिस लाइन पहुंचेंगे तथा दोपहर 1.35 बजे पुलिस लाइन हेलिपेड सीकर से बीकानेर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## सैकड़ों महिलाओं को हाईजीन किट किए वितरित

# माहवारी और महिला स्वास्थ्य पर खुलकर बात करे समाज: दिया कुमारी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रजना फाउंडेशन और ब्रह्मोस एयरोस्पेस के महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर प्रारंभ किए गए प्रोजेक्ट किशोरी का शुभारंभ जयपुर के वैशाली नगर स्थित खंडेलवाल गर्ल्स कॉलेज सभागार में प्रदेश की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया।

इस प्रोजेक्ट के तहत प्रदेशभर में जागरुकता कार्यशाला के अलावा महिलाओं-बेटियों में हाईजीन-स्वास्थ्य के लिए किशोरी किट वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए दिया कुमारी ने कहा कि महिला का जीवन बहुत संघर्षमय होता है। उन्होंने कहा कि महिलाएं यदि प्रोफेशनल्स हैं तो उनके जिम्मे दोहरी जिम्मेदारी हैं। इसलिए वे स्तुत्य हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पीरियड्स शर्म की बात क्यों मानी जाती हैं। इस पर चर्चा होनी चाहिए, संकोच नहीं। स्कूल में आजकल बात होती है, लेकिन वहां का वातावरण अलग है। इसलिए इस महत्वपूर्ण विषय पर घर में बात होनी चाहिए, संजीदगी से बात होनी चाहिए। सभी लोग मिलकर ही इस बदलाव को ला सकेंगे। इस बिंदु पर बात करने के लिए पुरुषों का रोल बड़ा है, इसे समझना होगा। उन्होंने कहा कि केवल माहवारी ही क्यों, अन्य विषयों पर भी बात की जानी चाहिए। हमारी पीढ़ी भटक रही है। वह काउंसलर के पास जाकर बात करती है, लेकिन परिजनों से नहीं। ऐसा इसलिए है कि माता-पिता से संकोच करते हैं, इसलिए हमें बच्चों का दोस्त बनना चाहिए।




### महिलाओं के स्वास्थ्य को देनी होगी प्राथमिकता

प्रजना फाउंडेशन की चेयरपर्सन प्रीति शर्मा ने बताया कि यह संगठन कैसे शुरू हुआ और समाज के ठेठ निचले तबके तक काम करने के भावों के साथ काम कर रहा है। प्रीति शर्मा ने कहा कि एक रजस्वला स्त्री के धर्म की रक्षा के लिए भगवान कृष्ण ने महाभारत रच दी थी। देवी सरस्वती के सृष्टि निमात्री स्वरूप के नाम से प्रजना नाम चुना गया है। जब तक स्त्री खुद के आनंद में नहीं रहेगी, तब तक सृष्टि कैसे आनंदमय हो पाएगी। इसलिए सृष्टि के हित में महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी होगी। प्रजना ने शुरुआत ने महिलाओं की कलात्मक भागीदारी से शुरूआत की। प्रीति ने बताया कि उनके पिता ने माहवारी स्वच्छता पर उन्हें काम करने को कहा। इसी से प्रेरणा मिली। महिलाओं में पीरियड्स के प्रति जागरूकता के साथ-साथ सहजता भी आ सके। इसीलिए ब्रह्मोस के सहयोग से इस प्रोजेक्ट की शुरूआत की गई है। आज हमारी बेटियां पीरियड्स या माहवारी पर अहसज हो जाती हैं। ऐसे में हम हाईजीन किट वितरण के साथ-साथ किशोरी क्लब का गठन भी किया जाएगा।

### पढ़ा-लिखा समाज माहवारी को मानता है टैबू

कार्यक्रम में बतौर अतिथि पहुंची राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन विशेष केंद्र जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली की सहायक प्रोफेसर डॉ. आयुषी केतकर ने कहा कि एक महत्वपूर्ण विषय पर बात करने के लिए प्रजना फाउण्डेशन की पहल स्तुत्य है। माहवारी को पढ़ा-लिखा समाज भी टैबू मानता है। यह सबसे बड़ी चिंता का विषय बनता है। महिला का स्वास्थ्य अंतिम प्राथमिकता क्यों हो जाता है, वह भी उस देश में जहां मातृशक्ति पूजनीय कही जाती हैं। ऐसे में हमें इसे पहली प्राथमिकता में लाना होगा। एक मां, बहन, पत्नी, बेटी के रूप में महिलाओं की प्राथमिकता परिवार के अन्य सदस्य हो जाते हैं, परंतु महिला का स्वास्थ्य समाज की पहली प्राथमिकता होगी तो एक स्वस्थ्य समाज का निर्माण अपने आप प्रभावी होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए पुरुषों को भी आगे आना होगा।

## जरूरी खबर

### कंज्यूमर की शिकायत का 3 घंटे में होगा निराकरण



**जयपुर।** त्योहारी सीजन में मिठाई के साथ डिब्बे तोलने और माप तौल में गड़बड़ी को रोकने के लिए खाद्य एवं उपभोक्ता मामले मंत्री सुमित गोदारा के निर्देशानुसार शनिवार से राज्य में कंज्यूमर केयर अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान उपभोक्ता मामले विभाग और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा चलाया जाएगा। खाद्य एवं उपभोक्ता मामले विभाग के प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए सावंत ने बताया कि यह अभियान 27 अगस्त तक चलाया जाएगा। इस अभियान में शिकायत का निराकरण यथासंभव तीन घंटे में किया जाएगा तथा शिकायतों की जांच एवं प्रवर्तन कार्रवाई के कंज्यूमर सेटिस्फेक्शन और केअर पर फोकस रहेगा। राज्य उपभोक्ता हेल्पलाइन 18001803060 भी प्रातः 9 से रात 9 बजे तक काम करेगी।

### जन्माष्टमी पर होगी कृष्णलीला की संगीतमय प्रस्तुति

**जयपुर।** लोहागढ़ विकास परिषद् के तत्वावधान में भारतीय कला संस्थान के लोक कलाकार परिषद द्वारा अयोजित जन्माष्टमी कार्यक्रम में श्री कृष्ण जन्मोत्सव और राधा किशोरी श्रृंगार दर्शन लीला की संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम संयोजक गोपाल गुप्ता ने बताया कि दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान के सभागार में 25 अगस्त को चार बजे से बाल गोपाल माखन चोर उसके बाद कृष्ण लीला के प्रसंग पर आधारित कई संस्थानों के छात्र छात्राओं की प्रतियोगिता सहित महारास का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के निदेशक अशोक शर्मा ने बताया कि अंत में गंगा आरती की तर्ज पर महाआरती से कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। परिषद के महासचिव डॉ. प्रदीप चतुर्वेदी ने बताया कि जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर ब्रज कला संस्कृति को नए अंदाज में प्रस्तुत करने के लिए सभी तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**आज रात 12 बजे से कल रात 12 बजे तक के लिए राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम का तोहफा**

# रक्षाबंधन पर महिलाएं रोडवेज बसों में कर सकेंगी फ्री यात्रा

बेधड़क । जयपुर

रक्षाबंधन पर 19 अगस्त को राजस्थान रोडवेज की बसों में महिलाएं फ्री यात्रा कर सकेंगी। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की ओर से आदेश जारी किया गया है। फ्री यात्रा की सुविधा एसी, वॉल्वो, और ऑल इंडिया परमिट की बसों में लागू नहीं होगा। फ्री यात्रा केवल एक दिन के लिए मान्य होगी। निशुल्क यात्रा 18 अगस्त रात 12 बजे से अगले 24 घंटे तक मान्य होगी। इसके लिए यात्रा करने वाली महिलाएं पहले से रिजर्वेशन भी करवा सकेंगी। आदेश के अनुसार राज्य की सीमा में सभी महिलाओं को कंडक्टर फ्री टिकट जारी करेंगे। यह टिकट इलेक्ट्रॉनिक टिकट इसुइंग मशीन से जारी करेंगे। मशीन नहीं होने की स्थिति में फ्री टिकट बुक पर महिला या बालिका यात्री के साथ ट्रैवल की तारीख भी नोट करेंगे।



### इन बसों में ज्यादा भीड़

भरतपुर, हिंडौन आगरा और जाने वाली बसों में काफी भीड़ दिखी। यात्री टिकट के लिए आपस में लड़ते नजर आए। काउंटरों पर बढ़ती भीड़ के बावजूद भी रोडवेज की ओर से कोई व्यवस्थाएं नजर नही आई। यात्री बसों के लिए इधर से उधर भागते नजर आए। रोडवेज की ओर से सिंधी बस स्टैंड पर लगाए गए कर्मचारी ने बताया कि आगरा भरतपुर और हिंडौन रूट पर ज्यादा ध्यान रखा जा रहा है, क्योंकि ज्यादातर सवारियां यहीं के लिए हैं। कई बसों के फेरे बढ़ाए गए हैं। धौलपुर डिपो से 4, भरतपुर से 5,जयपुर से 3, वैशाली से 4 और दौसा डिपो से 3 अतिरिक्त बसें मंगाकर चलाई जा रही है। इसके अलावा ईदगाह डिपों से भी बसें जयपुर के लिए आ रही है। इससे यूपी जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिली है।

### बसो-ट्रेनों में रेलम-पेल

सोमवार को रक्षाबंधन होने के कारण शनिवार को भी रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर लोगों की भारी रही। पैसेंजर की बढ़ती भीड़ को देखकर रेलवे और राजस्थान राज्य परिवहन निगम की ओर से व्यवस्थाएं भी चाक चौबंद की गई हैं। स्पेशल ट्रेन चलाने के साथ बसों की संख्या भी बढ़ाई गई है। इसके बावजूद ट्रेनों और बसों में यात्रा करने वालों की संख्या के आगे ये व्यवस्थाएं नाकाफी दिखी। सिंधी कैंप बस स्टैंड, नारायण सिंह सर्किल समेत अन्य जगहों पर बसों के लिए लोगों की काफी भीड़ रही। लोकल रूटों पर बसों की संख्या कम होने से यात्रियों को बसों का इंतजार करना पड़ रहा है। प्राइवेट बसों के लिए भी यात्री लाइन लगाकर टिकट खरीदते नजर आए। रोडवेज की ओर से 23 अतिरिक्त बसों को लगाने के बाद भी यात्रियों को बसों मे खड़े होकर यात्रा करनी पड़ रही है। अभी त्योहार में दो दिन बचे हैं, लेकिन रोडवेज की ओर से रक्षाबंधन पर महिलाओं के फ्री यात्रा को लेकर कोई तैयारी नजर नहीं आई।

**स्वायत्त शासन समेत तमाम विभागों के अधिकारियों ने किया शहर का दौरा**

# ड्रेनेज सिस्टम पुराना...इसलिए शहर पानी-पानी, जल्द बढ़ाएंगे कैपेसिटी

बेधड़क । जयपुर

'ड्रेनेज सिस्टम पुराना होने के कारण ज्यादा बरसात हुई तो सहन नहीं कर पाया और शहर में जगह-जगह पानी भर गया।' राजधानी में बरसात के दौरान जयपुर के 'पानी-पानी' होने की यह वजह सामने आई जब स्वायत्त शासन समेत तमाम विभागों के अधिकारियों ने शनिवार को बरसात में बदहाल शहर के हालात जानने के लए दौरा किया।

गौरतलब है कि बारिश ने इस बार शहर के बदहाल ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोलकर रख दी। इस दौरान शहर की सड़कें तालाब में बदल गईं। वहीं, घरों में मलबा भर गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शहर के दौरे पर निकल अधिकारियों को जमकर लताड़ लगाई थी। बारिश रुकने के बाद शनिवार सुबह स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी रविकांत, नगर निगम, जयपुर विकास प्राधिकरण समेत स्वायत शासन विभाग के आला अधिकारियों के साथ मिनी बस में शहर के निरीक्षण पर निकले। इस दौरान सबसे पहले विभाग के अधिकारी नंदपुरी अंडरपास, झालाना बायपास, ट्रांसपोर्ट नगर होते हुए जयपुर दिल्ली बाईपास पहुंचे। जगह - जगह सड़कों पर गड्ढे देख टी रविकांत ने नाराजगी जाहिर करते हुए जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से इसे जल्द दुरुस्त करने के आदेश दिए।



### नालों का डायमीटर फिर निर्धारित करें

यूडीएच विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी रविकांत ने बताया कि इस बार ज्यादा पानी आया है। इस कारण ड्रेनेज सिस्टम की कैपेसिटी बढ़ाने की जरूरत है। इंजीनियर को निर्देश दिए हैं कि नालों की साइज का डायमीटर वापस से निर्धारित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बारिश से पहले भी ही नालों की सफाई का दौर शुरू हो गया था, लेकिन बीते 10 सालों में ऐसी बारिश नहीं हुई, जो इस बार हुई है। इसलिए कैपेसिटी कम पड़ रही है।

### दल ने यहां-यहां पर किया दौरा

इस दौरान अधिकारियों के दल ने शहर में नंदपुरी अंडरपास, झालाना बायपास, ट्रांसपोर्ट नगर, दिल्ली रोड, जल महल, जोरावर सिंह गेट, सुभाष चौक, बड़ी चौपड़, सी स्कीम, चौमूं पुलिया, सीकर रोड, अजमेर रोड, 200 फीट बायपास, न्यू सांगानेर रोड, शिप्रा पथ, महारानी फार्म, टोंक रोड होते हुए सीतापुरा तक का शहर के हालत का जायजा लिया।

### अब सिस्टम को अपग्रेड करने का समय

टी रविकांत ने कहा कि आज सभी डिपार्टमेंट के अधिकारियों को साथ लाए हैं। ताकि सिस्टम को रीडिजाइन किया जा सके और ड्रेनेज पर भी पूरा काम किया जा सके। अब सिस्टम को अपग्रेड करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश यही रहेगी कि अगली बारिश में जयपुर शहर वासियों को इन समस्याओं से दो-चार न होना पड़े। इसके साथ ही मौजूदा हालत को जल्द से जल्द सुधारने के लिए भी इंजीनियर्स को निर्देश दिए गए हैं। अब आज के दौरे के बाद सभी अधिकारी अपने स्तर पर शहर के विकास का प्लान तैयार करेंगे, जिसमें सभी के सुझाव जोड़कर उस प्लान को धरातल पर उतारा जाएगा।

### कचरे और नालों की हालत पर नाराजगी

अधिकारियों का दल जल महल की पाल, बड़ी चौपड़, छोटी चौपड़ चांदपोल बाजार, पानी पेंच, चोमूं पुलिया होते हुए सीकर रोड पहुंचा। जहां पुराने ड्रेनेज सिस्टम को नए सिरे से डेवलप करने पर चर्चा की गई। इसके साथ ही रविकांत ने शहर की बदहाल सड़कों पर पड़े कचरा और नाला सफाई को लेकर भी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने अधिकारियों से जल्द से जल्द इस बदहाल सिस्टम को दुरुस्त करने के आदेश दिए।

**MS में हुआ कैडेबर ट्रांसप्लांट**

## दुनिया से जाते-जाते तीन लोगों को नई जिंदगी दे गया 15 वर्षीय आदित्य



बेधड़क। जयपुर

दुनिया से जाने के बाद भी 15 साल का आदित्य तीन लोगों को नई ज़िंदगी दे गया। आदित्य को ब्रेन डेड घोषित करने के बाद उसके परिजनों नें उसके अंगदान किए। इसके बाद सवाईमानसिंह अस्पताल में सफल कैडेबर ट्रांसप्लांट किया गया। सवाईमानसिंह अस्पताल के प्रवक्ता डॉक्टर मनीष अग्रवाल ने बताया कि सीकर के दांतारामगढ़ निवासी आदित्य को 15 अगस्त को एसएमएस अस्पताल में भर्ती किया गया था। ब्रेनडेड घोषित करने के बाद अस्पताल के चिकित्सकों ने परिजनों की काउंसलिंग की और अंगदान के लिए कहा। इसके बाद चिकित्सकों ने 15 वर्षीय आदित्य के अंगदान करने की सहमति प्रदान कर दी। अंगदान के बाद आदित्य की दोनों किडनी एसएमएस अस्पताल में प्रत्यारोपित की गई, जबकि आदित्य का लीवर एम्स जोधपुर भेजा गया। हालांकि हार्ट का रिसीवर नहीं मिलने के कारण हार्ट प्रत्यारोपित नहीं हो सका। अंगदान के बाद एसएमएस अस्पताल में आदित्य के पार्थिव देह को सम्मानजनक रूप से विदा किया गया। गौरतलब है कि 13 अगस्त को विश्व अंगदान दिवस के दिन भी झुंझुनू की 46 वर्षीय संतोष इस दुनिया से जाने के बाद भी तीन जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन दे गई थी। दरअसल, झुंझुनू निवासी 46 वर्षीय संतोष का पिछले दिनों एक्सीडेंट हुआ था, इसके बाद इलाज के लिए परिजन संतोष को एसएमएस हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे। यहां उनका इलाज ट्रोमा सेंटर में किया जा रहा था, लेकिन इलाज के दौरान चिकित्सकों ने संतोष को ब्रेनडेड घोषित कर दिया गया था। संतोष का लीवर जयपुर के महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भेजा गया, यहां चिकित्सकों ने लीवर ट्रांसप्लांट किया था।

**कोलकाता में हुई घटना के विरोध में काली पट्टी बांधी**

## लैब टेक्नीशियंस में भी आक्रोश

बेधड़क । जयपुर

कोलकाता में हुई घटना को लेकर पैरा मेडिकल स्टाफ से जुड़े संघों ने भी विरोध जताया। हालांकि, इन कर्मचारियों को खुद को कार्य बहिष्कार से दूर रखकर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। राजस्थान लैब टेक्नीशियन संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, महामंत्री तरुण सैनी, मिडिया प्रभारी संतोष शर्मा, कोषाध्यक्ष मोहन सिंह राजावत ने जयपुर के जेकेलोन हॉस्पिटल परिसर में प्रदर्शन किया और हाथ पर काली पट्टी बांधकर इस घटना का विरोध जताया।


राजस्थान ईसीजी टेक्नीशियन कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष संजय दहिया के आह्वान पर कर्मचारियों ने हाथ पर काली पट्टी बांधकर काम किया। महामंत्री प्रतीक शर्मा, संरक्षक दिनेश शर्मा, कोषाध्यक्ष युतिश शर्मा, संयुक्त सचिव पुरुषोत्तम शर्मा समेत अन्य पदाधिकारियों ने एसएमएस समेत दूसरे हॉस्पिटल में काम के दौरान काली पट्टी बांधकर संघ की तरफ से अपना विरोध जताते हुए सरकार से मेडिकल और पैरा मेडिकल स्टाफ के लिए सख्त सुरक्षा कानून बनाने की मांग की। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन (एकीकृत)ने भी प्रदर्शन किया। संघ के प्रदेश संयोजक जितेन्द्र कटारा ने बताया कि हमने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, चिकित्सा मंत्री, मुख्य सचिव को पत्र लिखकर देशभर के हॉस्पिटलों में कार्यरित में डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ और पैरा मेडिकल स्टाफ की सुरक्षा के लिए एक सख्त कानून बनाने की मांग की।

**आमेर सागर झील 13 साल बाद हुई लबालब**

## पर्यटकों की भारी भीड़, सुरक्षा के इंतजाम नहीं

बेधड़क । जयपुर

आमेर सागर झील पानी से लबालब है और यहां दिनभर देखने आने वालों की भारी भीड़ लगी रहती है। इसके बावजूद यहां पर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए जाने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आमेर में सागर बांध पर सुरक्षा के इंतजाम नहीं है। एसडीएम और प्रशासन को इस समस्या के संबंध में अवगत करवाया गया है, लेकिन अभी तक कोई एक्शन नहीं लिया गया। सिविल डिफेंस कर्मी भी मौके पर तैनात नही है। राजधानी में एक के बाद एक लगातार जल स्रोतों में लोगों के डूबने की घटनाएं सामने आ रही हैं। ऐसे में जल स्रोतों पर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जाने चाहिए। गौरतलब है कि अच्छी बारिश होने से प्राचीन जल स्रोतों में पानी की आवक हुई है। आमेर सागर झील करीब 13 साल बाद पानी लबालब हुई है, जिसे देखने बड़ी संख्या में देसी विदेशी पर्यटक पहुंच रहे हैं। सागर बांध में पानी लीक होने से बड़ा हादसा होने की भी आशंका बनी हुई है। ऐसे में प्रशासन की ओर से सिविल डिफेंस कर्मियों को मौके पर तैनात करना चाहिए और सुरक्षा के इंतजाम किए जाने चाहिए।



**RU के फाइन आर्ट डिपार्टमेंट में हालात खराब**

# प्लास्टर सिर पर न गिर जाए, इसलिए हेलमेट लगाकर आते हैं स्टूडेंट

बेधड़क । जयपुर

राजस्थान यूनिवर्सिटी के फाइन आर्ट डिपार्टमेंट में बारिश के बाद पानी के साथ प्लास्टर गिरने से स्टूडेंट्स में इतना भय बैठ गया है कि वे अब हेलमेट लगाकर पढ़ने आने लगे हैं। दरअसल, राजस्थान यूनिवर्सिटी के फाइन आर्ट डिपार्टमेंट में हालात पूरी तरह से बिगड़ चुके हैं। बारिश के बाद पूरे कैंपस में छतों से पानी टपक रहा है। दीवारों में सीलन आ चुकी है। छत से प्लास्टर गिर रहा है, लेकिन शासन और प्रशासन द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### 5 साल से डिपार्टमेंट में इसी तरह के हालात

राजस्थान यूनिवर्सिटी के फाइन आर्ट डिपार्टमेंट में पढ़ने वाले राहुल ने कहा- इस पूरे डिपार्टमेंट में पिछले 5 साल से इसी तरह के हालात हैं। हर साल बारिश के सीजन में इसी तरह दीवारों से पानी गिरने लगता है। कभी छत का प्लास्टर तो कभी दीवार ही गिर जाती है। इस बार भी बारिश के सीजन में लगातार छत से प्लास्टर गिर रहा है, लेकिन यूनिवर्सिटी प्रशासन इस और ध्यान नहीं दे रहा है। हालात इतने बिगड़ गए हैं कि प्रोफेसर्स के ऑफिस तक में फॉल सीलिंग गिर गई। गनीमत यह रही कि उसे वक्त वह मौजूद नहीं थे। वरना बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। इससे डरकर अब तो स्टूडेंट भी हेलमेट लगाकर पढ़ने को मजबूर हैं, ताकि किसी भी हादसे से खुद को सुरक्षित रख सके।



### छत गिर रही, दीवारों से भी करंट आने लगा

आर्ट डिपार्टमेंट की स्टूडेंट दीपाली ने कहा कि हमें यहां आने से भी डर लगता है। पूरी बिल्डिंग से पानी गिरता रहता है। दीवारों का चूना झड़ने लगा है। जगह-जगह छत गिर रही है, अब तो दीवारों से भी करंट आने लगा है। ऐसे में इस पूरे कैंपस में आने से ही डर लगता है, लेकिन मजबूरी में हर दिन अपनी जान जोखिम में डाल हम यहां पढ़ने आते हैं। यूनिवर्सिटी प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। उन्हें यहां पढ़ने वाले स्टूडेंट और पढ़ाने वाले प्रोफेसर की जान की कोई चिंता नहीं है। वह लोग तो न जाने कहां मशगूल है। जो बदहाल हो चुके कैंपस और स्टूडेंट्स की सुध लेने तक नहीं आए हैं, जबकि बारिश के इस सीजन में हमारे डिपार्टमेंट में लगभग आधा दर्जन से ज्यादा बार छत और दीवार गिर चुकी है।

**जैसलमेर स्थापना दिवस:** दुर्ग पर फहराया पीला-केसरिया ध्वज, पूर्व महारावल चैतन्यराज सिंह ने दी बधाई

# 869 साल की हुई स्वर्णनगरी... फहराया गया रियासत कालीन ध्वज

बेधड़क | जैसलमेर

'सूरज पूछे सारथी, भू पर किसरो भाण.. झुंझारु जदु वंश रो, चमके गढ़ जैसाण।' जैसलमेर के संस्थापक महारावल जैसलदेवजी ने 869 साल पहले विक्रम संवत1212 में श्रावण शुक्ला द्वादशी के दिन जैसलमेर की स्थापना की थी। जैसलमेर 869 साल का हो चुका है।

जैसलमेर स्थापना दिवस शनिवार को दुर्ग महल में सादगी से मनाया गया। पूर्व महारावल चैतन्य राज सिंह भाटी ने कुलदेवी मां स्वांगिया का विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। जैसलमेर के संस्थापक महारावल जैसलदेव जी की फोटो का फूल माल से श्रृंगार किया गया। इसके बाद उनकी पूजा-अर्चना की गई। जैसलमेर में अमन चैन की कामना के लिए सनातन धर्म के अनुसार, विधि विधान से हवन किया गया। महारावल चैतन्य राज सिंह ने सोनार दुर्ग के राजमहल की सबसे ऊंची छत पर जैसलमेर का रियासत कालीन पीला-केसरिया ध्वज पहनाया। जैसलमेर के ध्वज का विशेष पूजन किया गया। यह ध्वज जैसलमेर के अजय होने का प्रतीक है। इस मौके पर राज परिवार पाटगुरु सूर्यप्रकाश गोपा, श्रीपत परिवार से मनीष श्रीपत सहित राजपरिवार के करीबी मौजूद रहे। महारावल चैतन्यराज सिंह ने सभी जैसलमेर वासियों को स्थापना दिवस की बधाई दी। 869 साल के जैसलमेर को न तो कभी मुगल फतह कर पाए और ना ही अंग्रेज जीत पाए। यहां से दो बार पाकिस्तान को धूल चटाई जा चुकी है।

### मुगल हो या अंग्रेज कभी नहीं कर सके फतह



### सीएम भजनलाल शर्मा ने दी बधाई

इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी बधाई व शुभकामनाएं दी। सीएम ने 'X' हैंडल पर बधाई देते हुए लिखा- 'घोड़ा कीजै काठ का, पग कीजै पाषाण। बख्तर कीजै लोह का, तब देखो जैसाण।। अप्रतिम कला-संस्कृति और बेजोड़ स्थापत्य से पूरे विश्व में 'स्वर्णनगरी' के नाम से प्रसिद्ध जैसलमेर के 869वें स्थापना दिवस की आप सभी को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। जैसलमेर के संस्थापक रावल जैसलदेव ने श्रावण शुक्ला द्वादशी के दिन दुर्ग की नींव रखी थी। आराध्य देव श्रीलक्ष्मीनाथ एवं मां स्वांगिया जी का आशीर्वाद हम सब पर बना रहे।

### 869 साल में देखें कई उतार-चढ़ाव

869 साल की स्वर्णनगरी जैसलमेर ने कई उतार चढ़ाव देखें, मगर जैसलमेर की जनता ने लड़खड़ाने नहीं दिया। सालाना लाखों सैलानी यहां भ्रमण के लिए आते हैं। संवत 1212 और 1156 ई. में महारावल जैसलदेव ने जैसलमेर के किले की नींव रखी थी। नींव के बाद राजाओं ने त्रिकूट पहाड़ी पर खड़े सोनार दुर्ग का निर्माण करवाया।

### सामरिक रूप से खासा महत्व

भारत-पाक सीमा पर बसा सीमावर्ती जिला जैसलमेर सामरिक रूप से खासा महत्व रखता है, लेकिन इसके साथ ही सुनहरे धोरों की चादर ओढ़े यह जिला पर्यटन के पटल पर अपनी खास पहचान रखता है। यही कारण है कि यहां हर वर्ष पर्यटन सीजन के दौरान सैकड़ों की संख्या में देसी-विदेशी पर्यटक भ्रमण पर आते हैं। यह सिलसिला साल दर साल बढ़ता जा रहा है। 869 साल पुराने इस शहर में सैलानियों को लुभाने वाली वह सभी खासियतें मौजूद हैं, जिसकी चाह लिए देश के विभिन्न कोनों के साथ ही विदेश से भी पावणे खींचे चले आते हैं। पर्यटकों को यहां उनके घर से दूर एक घर जैसा ही प्रतीत होता है। 80 के दशक से शुरू हुआ पर्यटन आज पूरे परवान पर पहुंच गया है। मरु संस्कृति देश और दुनिया में अलहदा पहचान रखती है। जैसलमेर के शासकों और धर्मनिष्ठ धन्ना सेठों ने नायाब सोनार दुर्ग, गड़ीसर सरोवर, कलात्मक हवेलियों और वास्तुशिल्प के अनूठे नमूनों के तौर पर मंदिरों आदि का जो निर्माण करवाया, उनकी चमक समय के साथ और बढ़ती गई। दुनिया भर से लाखों सैलानी हर साल यहां आते हैं।

---

## जरूरी खबर

### ट्रेन की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत

**धौलपुर।** रेलवे स्टेशन के नजदीक तगावली रेलवे फाटक पर पटरियों को क्रॉस करते समय ट्रेन की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो गई। सूचना पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लिया है। जीआरपी थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि खंभा नंबर 462 तगवली फाटक के पास दो महिलाओं के ट्रेन से कटने की सूचना मिली थी। इस पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। महिलाओं की पहचान नहीं होने पर उनकी फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की गई है। मृतकों में एक युवती और एक अधेड़ महिला शामिल है, जो संभवतः पटरियां क्रॉस करते वक्त ट्रेन की चपेट में आई हैं। घटना के बाद पुलिस ने लोगों की मदद से दोनों के शव अस्पताल में रखवा दिए हैं।

### सेना भर्ती रैली 21 की बजाय 26 अगस्त को होगी



**भरतपुर।** लोहागढ़ स्टेडियम, भरतपुर में सेना भर्ती कार्यालय,अलवर की ओर से होने वाली सेना भर्ती रैली अब 21 के बजाय 26 अगस्त को होगी। रैली के स्थान में कोई बदलाव नहीं किया गया है। जन संपर्क अधिकारी (रक्षा) जयपुर (राजस्थान) कर्नल अमिताभ शर्मा के अनुसार जिला प्रशासन भरतपुर की ओर से पुष्टि की गई कि 21 अगस्त 2024 को घोषित भारत बंद के मद्देनजर सभी उम्मीदवार जो 21 अगस्त 2024 को लोहागढ़ स्टेडियम, भरतपुर में सेना भर्ती कार्यालय, अलवर की सेना भर्ती रैली के लिए रिपोर्ट करने वाले थे। उनसे अनुरोध है कि वे 26 अगस्त 2024 को सुबह दो बजे रैली के लिए रिपोर्ट करें। रैली के स्थान में कोई बदलाव नहीं है।

---

**सिविल डिफेंस की टीम तलाश में जुटी**

# भीमलत झरने से फिसलकर 150 फुट नीचे गिरा युवक

बेधड़क | बूंदी

भीमलत महादेव पर शनिवार को एक युवक झरने से फिसलकर 150 फुट नीचे गिर गया। हादसे की सूचना पर सदर थाना पुलिस के साथ सिविल डिफेंस के जवान मौके पर पहुंचे और युवक की तलाश में रेस्क्यू अभियान शुरू किया। मौके पर युवक के कपड़े और दस्तावेज मिले हैं, जिसके आधार पर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी है।

बूंदी जिला मुख्यालय से करीब 35 किमी दूर प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भीमलत महादेव स्थान पर झरने से फिसलकर एक युवक नीचे गिर गया। सूचना पर बूंदी सदर थाना पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। सिविल डिफेंस के जवानों की टीम ने युवक की तलाश में रेस्क्यू अभियान शुरू किया है। सदर थाना अधिकारी भगवान सहाय ने बताया कि दस्तावेज के आधार पर युवक की पहचान दीपू मीणा पुत्र बिरधी लाल मीणा निवासी लाखा की झोपड़ियां के रूप में हुई है। फिलहाल, युवक का पता नहीं लगा है और रेस्क्यू अभियान जारी है।



### अमरेश्वर में डूबने से युवक की मौत

**सवाई माधोपुर।** रणथंभौर के अमरेश्वर महादेव मंदिर के कुंड में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। युवक अपने दोस्तों के साथ कुंड पर नहाने आया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। मृतक युवक करौली जिले की छितर की झोंपड़ी निवासी 25 वर्षीय सुनील गुर्जर पुत्र अतर सिंह गुर्जर है। कोतवाली थानाधिकारी राजवीर सिंह के मुताबिक मृतक युवक अपने 5-6 दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने रणथंभौर आया था। सभी दोस्त रणथंभौर के अमरेश्वर महादेव मंदिर कुंड पर पहुंचे और कुंड में नहाने लगे। इसी दौरान ही सुनील गुर्जर कुंड के गहरे पानी में चला गया और डूब गया। उसके दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास भी किया, लेकिन वो कुंड की चट्टानों के बीच फंस गया और पानी में डूब गया। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस एवं सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची और युवक की तलाश में कुंड में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद युवक को कुंड के गहरे पानी से बाहर निकाल लिया और अस्पताल पहुंचाया. जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

---

**मकान और घर की तलाशी जारी**

# 10 हजार की रिश्वत लेते ASI अरेस्ट

बेधड़क | भीलवाड़ा



भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो टीम ने शनिवार को शाहपुरा जिले के बनेड़ा थाने के सहायक उप निरीक्षक को एक्सीडेंट के मामले में त्वरित कार्रवाई कर जल्द न्यायालय में चालान पेश करने के एवज में 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भीलवाड़ा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्रजराज सिंह चारण ने बताया कि शाहपुर जिले के बनेड़ा थाने में तैनात सहायक उप निरीक्षक मदनलाल वैष्णव के खिलाफ एसीबी को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई थी। शिकायत में परिवादी ने बताया कि एक्सीडेंट के प्रकरण में कारवाई कर न्यायालय में जल्द चालान पेश करने की एवज में आरोपी सहायक उप निरीक्षक ने 15 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी, जिस पर एसीबी टीम ने सत्यापन करवाया। एसीबी ने शनिवार को सहायक उप निरीक्षक मदनलाल वैष्णव को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

### सत्यापन के दौरान भी ली थी घूस

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्रजराज सिंह चारण ने बताया कि एसीबी ने जब परिवादी की शिकायत का सत्यापन कराया। इस दौरान भी आरोपी ने परिवादी से 3000 रुपए की रिश्वत वसूली की थी। एसीबी ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी सहायक उप निरीक्षक के मकान व अन्य जगहों पर तलाशी ली जा रही है।

---

**जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर... निचले इलाकों के लिए एडवाइजरी जारी**

## चंबल का जल स्तर फिर खतरे के निशान के पार

**धौलपुर।** हाड़ौती और मध्य प्रदेश में हुई बारिश से जिले से गुजरने वाली चंबल नदी खतरे के निशान 130.79 मीटर को पार कर गई है। खतरे के निशान से जल स्तर 21 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया है। इसको लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर हो गया है। नदी के निचले इलाकों में एडवाइजरी जारी कर हल्का पटवारी, गिरदावर आदि को पाबंद किया है। चंबल के गेज का हर घंटे अपडेट लिया जा रहा है। जिला कलेक्टर ने बताया कि फिलहाल चिंताजनक स्थिति की कोई बात नहीं है, लेकिन सेल्फ डिफेंस, एसडीआरएफ, मेडिकल विभाग, खाद्य विभाग आदि को अलर्ट मोड पर रखा गया है। चंबल के गेज का प्रत्येक घंटे अपडेट लिया जा रहा है। उन्होंने बताया चंबल नदी में हाड़ौती और मध्य प्रदेश का पानी प्रवेश करता है। नदी के निचले इलाकों में बसे आबादी के लोगों को सतर्क रहने की भी नसीहत दी गई है। उन्होंने आमजन से नदी के तेज-वहाव, जलाशय, पोखर तालाबों से दूरी बनाए रखने की अपील की है।

हाड़ौती और मध्य प्रदेश में हुई बारिश से धौलपुर जिले से गुजर रही चंबल नदी में पानी का आना शुरू हो गया है। करीब 15 दिन पूर्व चंबल नदी खतरे के निशान को पार कर गई थी। इसके बाद जल स्तर में गिरावट आ गई थी।

## नाले में बहा बुजुर्ग, 2 घंटे बाद मिला शव

**धौलपुर।** सरमथुरा थाना क्षेत्र में पशुओं को नाला पार कराते समय बुजुर्ग पानी में बह गया। घटना का पता चलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मामले की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों की मदद से डेड बॉडी को रेस्क्यू कर पोस्टमार्टम कराया है। थाना प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि झिरी गांव निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग नारायण सिंह पुत्र पंचम सिंह शनिवार को जंगल में पशुओं को चराने जा रहा था। रास्ते में तेज बहाव का नाला बह रहा था। बुजुर्ग पशुओं को लेकर नाले को क्रॉस कर रहा था, लेकिन पानी का बहाव तेज होने की वजह से संतुलन खो बैठा और पानी में बह गया।



### तेज बहाव में फंसे तीन युवक, SDRF टीम ने बचाई जान

**दूदू।** फागी उपखंड के छापरी गांव में एक नाले के तेज बहाव में तीन युवक फंस गए। सूचना मिलने पर अधिकारी एसडीआरएफ की टीम के साथ वहां पहुंचे और तीनों को रेस्क्यू किया। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। फागी थानाधिकारी मनोज बेरवाल ने बताया कि खेत में काम करने जा रहा युवक नारेडा ग्राम पंचायत के छापरी गांव निवासी धन्नालाल जाट तालाब की रपट में पानी के तेज बहाव के चलते बह गया। युवक ने झाड़ियां पकड़कर अपनी जान बचाई। युवक धन्नालाल को झाड़ियों में फंसा देखकर दो युवक भी उसकी जान बचाने उतरे, लेकिन वे भी तेज बहाव से झाड़ियों में फंस गए। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कराकर पानी में फंसे तीनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला। युवक कई घंटों तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करता रहा।

---

**मंदिर विकास समिति का गठन**

## जगदीश अध्यक्ष और जादम बने संगठन मंत्री



**चौमूं।** शहर के खादी बाग रोड स्थित प्राचीन शिव बजरंग मंदिर विकास समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से प्राचीन शिव बजरंग मंदिर विकास समिति का गठन किया गया। बैठक में समस्त वार्डवासियों ने समिति में सर्वसम्मति से जगदीश बोपला को अध्यक्ष, गीता देवी जाट को उपाध्यक्ष, चंदा देवी बूरा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संतोष बछेरा को महासचिव, रवि मेहता को संयुक्त सचिव, राधेश्याम प्रधान को कोषाध्यक्ष, बाबूलाल शर्मा को सह कोषाध्यक्ष, ग्यारसी लाल जादम को संगठन मंत्री, कैलाश बोपला व धनराज शर्मा को विधि प्रकोष्ठ पंकज मेहता, विनोद बछेरा व विकास बछेरा को मीडिया प्रभारी चुना गया। इस दौरान अध्यक्ष बोपला ने कहा कि मंदिर विकास कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस मौके पर मुरलीधर शर्मा, हनुमान सहाय बागड़ा, लालचंद बछेरा, नानूराम बोपला, रुडमल बोपला, सत्यनारायण बछेरा, गजानंद प्रधान, गौरी शंकर शर्मा, कैसी बछेरा, मनोज शर्मा, श्यामलाल, रोहित, भंवर शर्मा, रामलाल लोधा, रमेश जादम, विजय शर्मा, ओम प्रकाश यादव, श्रवण बोपला, बाबूलाल बूरा, हनुमान मेहता, सुकेश चौबे, भूरी देवी, नानछी देवी, संतोष शर्मा, निशा शर्मा, कमला देवी सहित कई वार्डवासी मौजूद रहे।

---

**तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार**

# रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर 25 युवाओं से 90 लाख रुपए की ठगी

बेधड़क | भरतपुर

जिले की नदबई थाना पुलिस ने रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी पहले तो भोले-भाले बेरोजगार युवाओं से रेलवे के अधिकारी बनकर मिलते और उसके बाद झांसे में लेकर उन्हें रेलवे की नौकरी का फर्जी मोहर लगाकर फर्जी जॉइनिंग लेटर भेज देते।

अब तक ये आरोपी करीब 25 युवाओं के साथ ठगी कर 80-90 लाख रुपए की ठगी को अंजाम दे चुके हैं। फिलहाल पुलिस तीनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। भरतपुर पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने बताया कि जिले के नदबई थाना क्षेत्र में एएसपी उच्चैन रामकल्याण मीणा व सीओ नदबई पूनम भरगड़ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रेलवे नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपए ठगने वाले तीन आरोपियों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों में नदबई निवासी मास्टर माइंड कपिल जिंदल, दोस्त श्याम सिंह जाटव और ई-मित्र संचालक जयपाल जाटव शामिल हैं। एसपी कच्छावा ने बताया कि आरोपियों से की गई पूछताछ में सामने आया कि तीनों आरोपी जुआ, सट्टा खेलने के आदी थे। तीनों पर कर्ज हो गया तो पैसा कमाने के लिए बेरोजगार युवाओं को रेलवे में ग्रुप डी की नौकरी लगाने का झांसा देने लगे। इसके लिए शातिर आरोपी जयपाल जाटव को रेलवे का अधिकारी बताकर युवाओं व परिजनों से मिलाते। उसके बाद लोगों को झांसे में लेकर उनको नॉर्थ रेलवे के चीफ पर्सनल ऑफिसर के नाम की फर्जी मोहर लगाकर डाक से फर्जी जॉइनिंग लेटर भेज देते और लाखों रुपए हड़प लेते।



### भोले-भाले युवाओं को फंसाते थे तीनों ठग

भरतपुर पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ चार पीड़ितों ने मामला दर्ज कराया तो अनुसंधान में सामने आया कि आरोपी अब तक करीब 25 युवाओं के साथ रेलवे नौकरी के नाम पर ठगी कर चुके हैं। तीनों आरोपी अब तक करीब 90 लाख रुपए हड़प कर आपस में बांट लिए। ये आरोपी तीन साल से भोले-भाले युवाओं को झांसे में लेकर रुपए हड़प रहे हैं। आरोपियों के कब्जे से रेलवे अधिकारी की फर्जी सील, लैपटॉप, उपकरण आदि बरामद किए हैं। आरोपियों के बैंक खातों की डिटेल भी जुटाई जा रही है।

### धौलपुर पुलिस के हत्थे चढ़े चार शातिर चोर

**धौलपुर।** मनिया थाना पुलिस ने फूलपुर रोड से चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने चोरी का ट्रैक्टर बरामद किया है। थाना प्रभारी नरेश शर्मा ने बताया कि आईजी भरतपुर रेंज राहुल प्रकाश और पुलिस अधीक्षक धौलपुर सुमित मेहरड़ा के निर्देश में जिलेभर में वांछित अपराधी और बदमाशों की घर पकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिला पुलिस लगातार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिस को शुक्रवार रात को मुखबिर से सूचना मिली थी कि चार बदमाश थाना इलाके के फूलपुर रोड के पास एक ट्रैक्टर के साथ घूम रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां से 25 वर्षीय मुकेश गुर्जर पुत्र मोहन सिंह गुर्जर निवासी सिकरौली थाना अंबाह जिला मुरैना, 20 वर्षीय प्रमोद गुर्जर पुत्र थान सिंह गुर्जर निवासी सिकरौली थाना अंबाह जिला मुरैना, 30 वर्षीय इंदल सिंह पुत्र मोहन सिंह निवासी सिकरौली थाना अंबाह जिला मुरैना और 30 वर्षीय देवेंद्र सिंह गुर्जर पुत्र मातादीन गुर्जर निवासी सिकरौली थाना अंबाह जिला मुरैना को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद उनके पास से चोरी का एक ट्रैक्टर बरामद हुआ, जिसे जब्त कर लिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की जा रही है, अनुसंधान में चोरी के अन्य बड़े मामले खुलने की संभावना है।



### सुबोध महिला पीजी कॉलेज ने धूमधाम से मनाया रजत जयंती समारोह

# 150 छात्राओं से शुरू हुआ प्रवेश का सफर, आज तीन हजार के पार

**बेधड़क** | जयपुर

रामबाग स्थित एसएस जैन सुबोध महिला पीजी महाविद्यालय में शनिवार को रजत जयन्ती समारोह का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर सुबोध शिक्षा समिति की प्रबन्ध कार्यकारिणी के गणमान्य सदस्य एवं विभिन्न संस्थाओं के संस्था प्रधान, विभिन्न पधाधिकरी पूर्ववर्ती शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित रहे। समारोह की मुख्य अतिथि के.के पाठक, सचिव वित्त एवं राजस्व, राजस्थान सरकार एवं विशिष्ट अतिथि अभिषेक सुराणा, आई.ए.एस., जयपुर कमिश्नर नगर निगम, हेरिटेज रहे। समारोह में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेणू जोशी ने महाविद्यालय बताया कि सुबोध महिला महाविद्यालय महिला उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी गुणवत्ता के लिए जयपुर ही नहीं, वरन सम्पूर्ण राजस्थान में अग्रणी है एवं मात्र 150 छात्राओं से प्रारम्भ हो कर अपने 25 वें वर्ष पर आज 3000 से अधिक छात्राओं की संख्या के साथ उत्तरोतर वृद्धि पथ पर है। प्राचार्या ने महाविद्यालय की सफलता की यात्रा के साक्षी बने। सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया एवं रजत वर्ष से स्वर्ण वर्ष तक पहुंचने की कामना की एवं पूर्व छात्राएं जो विभिन्न क्षेत्रों में अपना परचम लहरा रही है। उन्हे अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।



## महिलाओं को शिक्षित करने में रही भूमिका

समारोह के मुख्य अतिथि केके पाठक ने महाविद्यालय को 25 वर्ष पूर्ण करने पर बधाई दी एवं कहा कि सुबोध संस्था महिला उत्थान के लिए प्रशंसनीय और अग्रणी भूमिका निभा रही है। विशिष्ट अतिथि अभिषेक सुराणा ने भी महाविद्यालय प्रशंसा की। कॉलेज के इतिहास को समेटने वाली पुस्तिका "सुबोधिका" का विमोचन किया।

## विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में रहता है स्थान

महाविद्यालय के प्रबन्ध समिति के मानद् मंत्री सुमेर सिंह बोथरा ने 25 वर्ष की यात्रा पूर्ण करने पर अपने विचार रखें एवं बताया कि सुबोध महिला महाविद्यालय शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही सह-शैक्षणिक गतिविधियो में भी नित नये आयाम स्थापित कर रहा है एवं विश्वविद्यालय की मैरिट सूची में अपना शीर्ष स्थान सतत् रूप से बनाये हुए है एवं आगे भी उपलब्धियों का यह क्रम जारी रखेगा। सुबोध शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष आर सी जैन ने रजत जन्यती की यात्रा के सहभागी बने शिक्षाविद् एवं छात्राओं को अपना आर्शिवाद दिया एवं उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में निरन्तर सफलता के आयाम छूने की प्रेरणा दी।

## रंगारंग प्रस्तुतितों ने किया मंत्रमुग्ध

इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। जिन्हें देख सभागार में उपस्थित सभी मन्त्रमुग्ध हो उठे। समारोह की अगली कड़ी में पूर्व शिक्षकों व पूर्व छात्राओं द्वारा अपनी यादगार स्मृतियों को साझा किया। जिसे सुन सभी भाव-विभोर हो गए। अन्त में महाविद्यालय के संयोजक वी.सी. डागा ने आगन्तुक सभी अतिथियों को महाविद्यालय की सफलता यात्रा का सहभागी बनने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## Yuva स्टोरीज

### रावत पब्लिक स्कूल की स्टूडेंट काउंसिल ने ली शपथ



**बेधड़क** | जयपुर

रावत पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर की स्टूडेंट काउंसिल का चयन विधिवत संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। सीनियर हेड बॉय के रूप में आर्यन कमल और हेड गर्ल के रूप में युक्ता सोनी, जूनियर हेड बॉय के रूप में नक्श गौतम और हेड गर्ल के रूप में प्रावी सिंह ने शपथ ली।

रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक और अक्षेंद्र वेलफेयर सोसायटी के सचिव नरेंद्र सिंह रावत ने सभी पदाधिकारियों को कर्तव्य निर्वहन की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में निष्ठा, प्रगति, प्रेरणा, संस्कार हाउस के कप्तान और वाइस कैप्टन के साथ हेल्थ क्लब, कुकरी क्लब, हेरिटेज क्लब, स्पोर्ट्स क्लब, क्रिएटिविटी क्लब, इंटरग्रिटी क्लब, लिटरेरी क्लब, इको क्लब, साइबर क्लब के कप्तान और उप कप्तान ने शपथ ली। इसके साथ ही जूनियर और सीनियर विंग के वॉलंटियर्स को भी शपथ दिलाई गई।

विद्यालय की प्राचार्या मैत्रेयी शुक्ला ने सभी चयनित पदाधिकारियों को बधाई दी। एकेडमिक हेड राजेश कंथारिया ने सभी को निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

### कार्यशाला में विद्यार्थियों ने जाना भूविज्ञान का रहस्य



**बेधड़क** | जयपुर

भूविज्ञान विभाग राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में रूसा 2.0 की परियोजना क्रमांक 8 के अंतर्गत शनिवार को "जिओसाइंस अवेयरनेस एवं एजुकेशन" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

इस कार्यशाला में जयपुर संभाग के विभिन्न विद्यालयों से विज्ञान संकाय के लगभग 50 विद्यार्थी एवं अध्यापकों ने हिस्सा लिया। इस कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य भूविज्ञान विषय के बारे में जानकारी प्रदान कराना था। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की डायरेक्टर सोनालिका जोशी ने की। पांच व्याख्यानों के माध्यम से कार्यशाला में पृथ्वी की उत्पत्ति, जलवायु परिवर्तन, चट्टानों, खनिजों और जीवाश्मों को पहचानना एवं भूपर्पटी में भूजल की स्थिति और महत्ता के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम के समापन समारोह की अध्यक्षता केंद्रीय भूजल विभाग के भू-जल वैज्ञानिक डॉ. राकेश कुशवाहा ने की। विभाग के वरिष्ठ भू-वैज्ञानिक प्रोफेसर मनोज पंडित ने भूविज्ञान विषय को स्कूलों के पाठ्यक्रम में जोड़े जाने की जरुरत पर जोर दिया।

### एड्स नियंत्रण के लिए छात्राओं ने लिया मैराथन दौड़ में हिस्सा



**बेधड़क** | जयपुर

सेंट विल्फ्रेड कॉलेज फॉर गर्ल्स महाविद्यालय में शनिवार को रेड रिबन क्लब और एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं के लिए 5 किमी की मैराथन आयोजित की गई। साथ ही बेटी बचाओ और नशा मुक्त भारत अभियान के तहत रैली भी आयोजित की गई। रैली का शुभारंभ विल्फ्रेड ग्रुप ऑफ एजुकेशन सोसाइटी के मानद सचिव केशव बड़ाया और महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मनीषा तिवारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर करवाया गया। मैराथन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीक्षा चौधरी, द्वितीय स्थान भूमि कश्यप, तृतीय स्थान राशि शुक्ला ने प्राप्त किया।


### यूपीएससी में लैटरल एंट्री भर्ती स्कीम के लिए आवेदन शुरू

# बिना UPSC परीक्षा किए बन सकेंगे नौकरशाह

**बेधड़क** | नई दिल्ली

बिना यूपीएससी परीक्षा दिए केंद्र सरकार में नौकरशाह बनने का मौका देने वाली यूपीएससी की लैटरल एंट्री भर्ती का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

इस लैटरल एंट्री के तहत यूपीएससी केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/ विभागों में संयुक्त सचिवों, निदेशकों एवं उपसचिवों के लिए 45 पदों पर योग्य उम्मीदवारों की सीधी भर्ती की जाएगी। निजी क्षेत्र में काम कर रहे प्रोफेशनल्स भी इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। ये भर्ती तीन साल के कॉन्ट्रैक्ट पर होगी। जिसे आगे दो साल और बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए यूपीएससी के आवेदन की वेबसाईट पर जाकर 17 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।




## निजी क्षेत्र के अनुभवी और विशेषज्ञों को मिलती है नियुक्ति

आमतौर पर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित की जाने वाली सिविल सेवा परीक्षा, वन सेवा परीक्षा या अन्य केंद्रीय सेवाओं की परीक्षा में चयनित अधिकारियों को करियर में लंबा अनुभव हासिल करने के बाद ज्वॉइंट सेक्रेटरी के पद पर तैनात किया जाता है। लेकिन लेट्रल एंट्री से भर्ती हुए प्राइवेट सेक्टर के प्रोफेशनल्स को सीधा ज्वॉइंट सेक्रेटरी पर पर काम का मौका मिलेगा। निजी क्षेत्र के अनुभवी और विशेषज्ञ पेशेवरों की इस पर नियुक्ति की जाएगी।

## इन पदों पर होती है नौकरशाह के लिए सीधी भर्ती

जॉइंट सेक्रेटरी (इमर्जिंग टेक्नोलॉजी), जॉइंट सेक्रेटरी (सेमीकंडक्टर्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स), जॉइंट सेक्रेटरी (पर्यावरण पॉलिसी और पर्यावरण कानून), जॉइंट सेक्रेटरी (डिजिटल इकोनॉमी, फिन टेक और साइबर सिक्योरिटी), जॉइंट सेक्रेटरी (इन्वेस्टमेंट), जॉइंट सेक्रेटरी (पॉलिसी एंड प्लान), एनडीएमए, जॉइंट सेक्रेटरी (शिपिंग), जॉइंट सेक्रेटरी (साइंस एंड टेक्नोलॉजी), जॉइंट सेक्रेटरी (इकोनॉमिक/कमर्शियल/इंडस्ट्रियल), जॉइंट सेक्रेटरी (रिन्यूएबल एनर्जी), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (क्लाइमेट चेंज & सॉयल कन्वर्जेशन), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (क्रेडिट), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (फॉरेस्टरी) डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (इंटीग्रेटेड न्यूट्रिएंट मैनेजमेंट), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (नैचुरल फार्मिंग), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (नैचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट/ रेनफेड फार्मिंग सिस्टम), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (ऑर्गेनिक फार्मिंग), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (वॉटर मैनेजमेंट), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (एविएशन मैनेजमेंट), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (केमिकल्स & पेट्रोकेमिकल्स), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (कमोडिटी प्राइसिंग), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (एजुकेशन लॉ), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (एजुकेशन टेक्नोलॉजी), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (अंतरराष्ट्रीय कानून), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (इकोनॉमिस्ट), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (टैक्स पॉलिसी) डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (मैन्यूफैक्चरिंग-ऑटो), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (मैन्यूफैक्चरिंग ऑटो सेक्टर), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (टेक्निकल) डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (अर्बन वॉटर मैनेजमेंट), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (डिजिटल मीडिया), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (कॉर्डिनेशन एंड मैनेजमेंट), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (टेक्निकल), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (वॉटर सैनिटेशन एंड हाइजीन (WASH) सेक्टर), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (फाइनेंस सेक्टर लॉ), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (अंतरराष्ट्रीय कानून), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (विधि सेवा), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (लीगल), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (कॉन्ट्रैक्ट मैनेजमेंट), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (वेलफेयर), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (सोशल वेलफेयर प्रोग्राम एंड एक्टिविटीज), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (आईटी), डायरेक्टर / डिप्टी सेक्रेटरी (इकोनॉमिक/ कमर्शियल/ इंडस्ट्रियल) शामिल है।

## इंटरव्यू के प्रदर्शन पर होता है चयन

यूपीएससी इससे पहले भी लेट्रल एंट्री से ज्वॉइंट सेक्रेटरी (संयुक्त सचिव) स्तर के पदों पर भर्ती निकाल चुका है। वर्ष 2021 में ज्वॉइंट सेक्रेटरी और डायरेक्टर लेवल के पदों के लिए आवेदन मांगे गए थे। प्राइवेट सेक्टर के विशेषज्ञों को सीधे नियुक्त किया गया था। मोदी सरकार ने कुछ साल पहले लेट्रल स्कीम की शुरुआत की थी। इस तरह की भर्ती में कोई लिखित परीक्षा नहीं होती है। उम्मीदवार के आवेदनों के आधार पर उन्हें इंटरव्यू के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाता है। इंटरव्यू में प्रदर्शन के आधार पर चयन किया जाएगा। उम्मीदवारों को इंटरव्यू के समय अपने डॉक्यूमेंट्स दिखाने होंगे।

## इतना अनुभव जरूरी

संयुक्त सचिव स्तर के पद के लिए 15 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। निदेशक के पद के लिए 10 और उप सचिव के पदों के लिए सात साल की नौकरी का अनुभव होना अनिवार्य है। इसके अलावा केंद्र सरकार में कार्यरत कर्मचारी इस भर्ती के लिए योग्य नहीं होंगे। यानी वे आवेदन नहीं कर सकेंगे। राज्य सरकार और केंद्र शासित प्रदेशों में कार्यरत ऐसे कर्मचारी जो उक्त पदों के समकक्ष पदों पर काम कर रहे हैं, वे आवेदन कर सकते हैं। इनके अलावा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्वायत्त निकाय, वैधानिक निकाय, यूनिवर्सिटी, मान्यता प्राप्त शोध संस्थान, निजी कंपनी में कार्यरत आवेदन कर सकते हैं।

### 10 सितंबर से शुरू होंगे आवेदन

# हरियाणा में कॉन्स्टेबल के 5666 पदों पर होगी भर्ती




**बेधड़क** | चंडीगढ़

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) ने हरियाणा पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। आयोग ने कॉन्स्टेबल के 5000 से ज्यादा पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया है। उम्मीदवार आयोग की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर 10 सितंबर से आवेदन कर सकेंगे। भर्ती के लिए उम्मीदवारों का 12वीं पास होना जरूरी है। 10वीं में हिंदी या संस्कृत में से कोई एक विषय पढ़ा होना चाहिए। उम्मीदवारों की आयु 1 सितंबर 2024 को 18 वर्ष से कम तथा 25 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। हरियाणा के मूल निवासी आरक्षित वर्गों के उम्मीदवारों को अधिकतम आयु सीमा में राज्य सरकार के नियमों के अनुसार छूट दी जाएगी। ईडब्ल्यूएस/एससी/पिछड़ा वर्ग के लिए अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट रहेगी। सीईटी के आधार पर उम्मीदवारों को फिजिकल टेस्ट के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। इसके बाद कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (नॉलेज टेस्ट) के लिए बुलाया जाएगा। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और फिजिकल टेस्ट की प्रक्रिया से गुजरना होगा। वेतन पद के अनुसार 21,700 - 69,100 रुपए प्रतिमाह रहेगा।

### डॉक्टर बेटी को इंसाफ दिलाने के लिए छात्राओं ने निकाली रैली




**जयपुर।** महारानी कॉलेज की एनएसएस विंग ने महिलाओं पर हिंसा के खिलाफ और कोलकाता के रेजिडेंट डॉक्टर को न्याय दिलाने के लिए विरोध रैली निकाली। प्राचार्य प्रो. निमाली सिंह ने कहा कि राज्य का सबसे बड़ा महिला कॉलेज होने के नाते छात्राओं को इस मुद्दे पर जागरूक करना और अपना विरोध दर्ज कराना जरूरी है। रैली का नेतृत्व सामाजिक कार्यकर्ता अपूर्वा सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि हमें परिवार के पुरुष सदस्यों को महिलाओं का सम्मान करने के लिए जागरूक करने की जरूरत है। जिस दिन महिलाएं महिलाओं के लिए खड़ी हो गईं, उस दिन कोई भी ऐसी क्रूर घटना करने की हिम्मत नहीं कर सकता। अपूर्वा सिंह ने विद्यार्थियों से राजनीति से ऊपर उठकर महिला सुरक्षा के मुद्दे पर एकजुट होने को कहा। उन्होंने एनएसएस टीम की सराहना करते हुए कहा कि टीम ने इस बेहद प्रासंगिक मुद्दे पर आवाज उठाई। एनएसएस स्वयंसेवकों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया, जो एसएमएस अस्पताल तक पहुंचे और कोलकाता के रेजिडेंट डॉक्टर के प्रति अपना सम्मान और एकजुटता दिखाई। अंत में एनएसएस समन्वयक डॉ. डेजी शर्मा ने छात्रा को धन्यवाद दिया। रैली में डॉ. अंशू वर्मा, डॉ. शिल्पी सैनी, डॉ. प्रियंका मीना एवं डॉ. रामनिवास जांगिड़ ने किया।

### एडमिशन | डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन और फीस जमा पर सीट होगी कंफर्म

# बीएचयू और डीयू में यूजी एडमिशन की मेरिट लिस्ट जारी

**बेधड़क** | नई दिल्ली

बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) ने बीएचयू यूजी 2024 राउंड 1 सीट आवंटन परिणाम जारी कर दिया है। जिन उम्मीदवारों ने काउंसलिंग राउंड के लिए रजिस्ट्रेशन किया है, वे आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से सीट आवंटन परिणाम देख सकते हैं।

परिणाम देखने के लिए छात्रों को अपने लॉगिन क्रेडेंशियल की आवश्यकता होगी। उम्मीदवारों को आवंटित सीटों के लिए 20 अगस्त तक शाम 5 बजे तक प्रवेश शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा। यदि कोई उम्मीदवार इस तिथि तक शुल्क जमा नहीं करता है, तो उसकी सीट रद्द कर दी जाएगी। बीएचयू यूजी में प्रवेश पाने के लिए यह शुल्क देना अनिवार्य है। शुल्क भुगतान के बाद, दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया होगी। उम्मीदवारों को सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे शैक्षणिक प्रमाण पत्र, पहचान प्रमाण और अन्य आवश्यक कागजात तैयार रखने चाहिए। दस्तावेज सत्यापन सत्र या तो ऑनलाइन होगा या निर्दिष्ट सत्यापन केंद्र पर आयोजित किया जाएगा।



## ये हैं आवश्यक दस्तावेज

- सीयूईटी का स्कोर कार्ड
- कक्षा 10 का प्रमाण पत्र
- कक्षा 10 की मार्कशीट
- कक्षा 12 की मार्कशीट और प्रमाण पत्र
- आरक्षित कोटे के आधार पर एससी, एसटी, ओबीसी प्रमाण पत्र
- स्थानांतरण या माइग्रेशन प्रमाण पत्र (बीएचयू को छोड़कर विश्वविद्यालय के मामले में ले जाना चाहिए)
- खेल कोटे से उम्मीदवारों के लिए खेल श्रेणी प्रमाण पत्र।

## इधर, डीयू में यूजी एडमिशन की पहली लिस्ट, आज शाम तक सीट होंगी स्वीकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए डीयू यूजी सीएसएएस 2024 के लिए पहली आवंटन सूची भी जारी कर दी है। जो उम्मीदवार पंजीकृत हैं, वे डीयू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर पहली आवंटन सूची देख और डाउनलोड कर सकते हैं। उम्मीदवारों को आवंटित सीट स्वीकार करने के लिए शनिवार की शाम 4:59 बजे तक का समय दिया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार, इस साल डीयू 69 कॉलेजों, विभागों और केंद्रों में करीब 71,600 सीटों पर प्रवेश देगा। इस दौरान कुल 1559 कार्यक्रम और कॉलेज संयोजन पर दाखिला होगा। रिकॉर्ड के अनुसार, कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम के पहले चरण के लिए 2,45,287 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। इनमें से 1,85,543 उम्मीदवारों ने प्रोग्राम और कॉलेज संयोजनों की वरीयता देकर सीएसएएस का दूसरा चरण पूरा किया। विश्वविद्यालय को कुल 1,72,18,187 वरीयताएं प्राप्त हुईं। इस साल, डीयू ने उम्मीदवारों के डैशबोर्ड पर एक नया फीचर जोड़ा है जिससे वे अपनी कटऑफ और रैंक का विवरण देख सकेंगे। भुगतान की अंतिम तिथि 21 अगस्त रहेगी।



पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

## तमिलनाडु के पलनी में है मुरुगन स्वामी का 1500 साल पुराना मंदिर

# मंदिर जहां पर 9 जहर से बनी है भगवान कार्तिकेय की बाल मूर्ति

**शाश्वत सनातन**

*देशभर में भगवान के ऐसे मंदिर हैं जो अपने चमत्कारिक प्रभाव और अपने अनूठेपन से प्रसिद्ध हैं। जहां पर देशभर से ही नहीं विदेशों से भी लोग दर्शन करने और मन्नत मांगने आते हैं। ऐसा ही एक अनूठा और चमत्कारिक मंदिर है तमिलनाडु के पलनी में शिवगिरि पर्वत पर स्थित है। करीब 1500 साल पुराना यह अरुल्मिगु दंडायुधपाणी मंदिर भगवान शिव के पुत्र भगवान मुरुगन अर्थात कार्तिकेय मुरुगन स्वामी का है। यहां की खास बात यह है कि इस मंदिर में मूर्ति जहरीले पदार्थों से बनी हुई है औ वह भी एक-दो नहीं बल्कि नौ प्रकार के जहरीले पदार्थों से। मुरुगन स्वामी के इस मंदिर का इतिहास बहुत पुराना है। वर्तमान मंदिर का निर्माण चेर राजाओं द्वारा कराया गया है, लेकिन इसका वर्णन स्थल पुराण और तमिल साहित्य में भी मिलता है।*



### मंदिर के निर्माण से जुड़ी कथा

जब महर्षि नारद ने भगवान शिव और माता पार्वती को 'ज्ञानफलम' अर्थात ज्ञान का फल उपहार स्वरूप दिया तो भगवान शिव ने उसे अपने दोनों पुत्रों भगवान गणेश और कार्तिकेय स्वामी में से किसी एक को देने का निर्णय लिया। इसके लिए दोनों के सामने यह शर्त रखी गई कि जो भी सम्पूर्ण संसार की परिक्रमा शीघ्रता से कर लेगा, उसे यह फल प्राप्त होगा। इसके बाद कार्तिकेय स्वामी अपने वाहन मोर पर सवार होकर निकल गए पूरे संसार की परिक्रमा करने, लेकिन भगवान गणेश ने अपने माता-पिता की परिक्रमा कर ली और कहा कि उनके लिए उनके माता-पिता ही संसार के समान हैं। भगवान शिव ने प्रसन्न होकर वह ज्ञानफल भगवान गणेश को दे दिया। जब कार्तिकेय स्वामी परिक्रमा करके लौटे तो नाराज हो गए कि उनकी परिक्रमा व्यर्थ हो गई। इसके बाद कार्तिकेय स्वामी ने कैलाश पर्वत छोड़ दिया और पलनि के शिवगिरि पर्वत पर निवास करने लगे। यहां ब्रह्मचारी मुरुगन स्वामी बाल रूप में विराजमान हैं।



### सपने में दिखी मूर्ति, जाकर देखा तो साक्षात मिली

मंदिर का निर्माण 5वीं-6वीं शताब्दी के दौरान चेर वंश के शासक चेरामन पेरुमल ने कराया। कहा जाता है कि जब पेरुमल ने पलनि की यात्रा की तो उनके सपनों में कार्तिकेय या मुरुगन स्वामी आए और पलनि के शिवगिरि पर्वत पर अपनी मूर्ति के स्थित होने की बात राजा को बताई। राजा पेरुमल को वाकई उस स्थान पर कार्तिकेय स्वामी की मूर्ति प्राप्त हुई, जिसके बाद पेरुमल ने उस स्थान पर मंदिर का निर्माण कराया। इसके बाद चोल और पांड्य वंश के शासकों ने 8वीं से 13वीं शताब्दी के दौरान मंदिर के विशाल मंडप और गोपुरम बनवाए। मंदिर को सुंदर कलाकृतियों से सजाने का काम नायक शासकों ने किया।

### सोने से मढ़ा है मंदिर का गोपुरम

माना जाता है कि मुरुगन स्वामी की मूर्ति 9 बेहद जहरीले पदार्थों को मिलाकर बनाई गई है। हालांकि, आयुर्वेद में इन जहरीले पदार्थों को एक निश्चित अनुपात में मिलाकर औषधि निर्माण की प्रक्रिया का भी वर्णन है। पलनि के अरुल्मिगु दंडायुधपाणी मंदिर के गोपुरम को सोने से मढ़ा गया है। मंदिर का परिसर काफी विशाल है और यहां तक पहुंचने के लिए 689 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। हालांकि, मंदिर के गर्भगृह तक जाने की अनुमति किसी को भी नहीं है, लेकिन फिर भी यहां श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बनी रहती है। मंदिर परिसर में ही भगवान शिव और माता पार्वती, भगवान गणेश और ऋषि बोगार की समाधि है। ऋषि बोगार आयुर्वेद के विद्वान माने जाने जाते हैं और उन्होंने ही मुरुगन स्वामी की मूर्ति का निर्माण किया था।

### 'पंचतीर्थम प्रसादम' है प्रसिद्ध

पलनि के इस मुरुगन स्वामी मंदिर की विशेषता यहां का प्रसाद है, जिसे 'पंचतीर्थम प्रसादम' कहा जाता है। पलनि के इस पंचतीर्थम का निर्माण केला, घी, इलायची, गुड़ और शहद से किया जाता है। तिरुपति के लड्डू की तरह पलनि का यह पंचतीर्थम प्रसाद भी अत्यंत प्रसिद्ध प्रसाद माना जाता है।

**कॅरिअर परामर्श**

# सही कदम खोलते हैं मंजिल का रास्ता



अर्चना त्यागी

सफलता हर इंसान की चाहत है। जो इसे पा लेते हैं वो बरकरार रखने में व्यस्त रहते हैं और जो नहीं पा लेते वो या तो जीवन भर प्रयासरत रहते हैं या फिर कुंठाग्रस्त हो जाते हैं। क्या है सफलता का मूल मंत्र और यदि सफलता नहीं मिली तो कैसे जिया जा सकता है जीवन? इन्हीं प्रश्नों के हल खोजने की कोशिश इस लेख में की गई है। सफल होने के लिए सबसे पहले आवश्यकता होती है दृढ़ आत्म विश्वास की। इतना मजबूत मन हो कि सारी दुनिया कहे तुम सफल नहीं होंगे फिर भी डटे रहें और अपने सपनों को मेहनत से सींचते रहें। खुद पर विश्वास ही है जिसने दुनिया में बड़े बड़े कारनामों को अंजाम दिया है।

झुग्गी झोंपड़ी में रहने वाला एक छात्र करोड़पति बनने का सपना देखता है और एक दिन वह बन जाता है। मजदूरी करने वाला एक युवक सपना देखता है कि फैक्ट्री का मालिक बनना है और सभी को ताज्जुब होता है जब वह अपनी मेहनत और अच्छे व्यवहार से एक फैक्ट्री खड़ी कर देता है। उस पर हुक्म चलाने वाले लोग एक दिन उसके पास काम मांगने आते हैं।

दुनिया में ऐसे एक नहीं अनेक उदाहरण हैं। मेरी जानकारी तो यही कहती है कि सफल व्यक्तियों का एक बड़ा प्रतिशत उन्हीं लोगों का है जिन्होंने अभाव में जीवन जिया। केवल बड़े सपने ही नहीं देखे, बल्कि उन्हें पूरा करने के लिए जी जान से मेहनत भी की। दूसरी आवश्यकता मेरे विचार में लोगों की नकारात्मक टिप्पणियों पर ध्यान नहीं देना है। कितने लोग हैं जो कुछ करने के लिए घर से निकलते हैं। काबिलियत भी होती है परंतु असफल हो जाते हैं। उनमें लोगों की नकारात्मक बातों से बच निकलने की कला नहीं होती है। वही करना है जो ठाना है। उन्हीं लोगों के संपर्क में रहना है जो आपके आत्मविश्वास को गिरने नहीं देते हैं।

हर कदम पर आपको सहयोग देते हैं। तीसरी और महत्वपूर्ण बात है सही चुनाव करना। सही दिशा में प्रयास करना। अपनी मेहनत अपना दिमाग वहीं पर लगाना, जहां से आपकी काबिलियत के अनुरूप कोई परिणाम निकलता हो। कहने का तात्पर्य है कि अपनी काबिलियत को पहचानना भी उतना ही आवश्यक है, जितना दृढ़ निश्चय करना। काबिलियत को यदि पहचान लिया जाए तो केवल उसको निखारने का काम बाकी रह जाता है।

निखारने के लिए आवश्यक सामग्री जुटाने का काम बाकी रहता है, जिसे दृढ़ निश्चय से पूरा किया जा सकता है। एक और महत्वपूर्ण बात अनुभव के आधार पर जोड़ रही हूं कि असफल लोगों की कहानियां भी जाननी चाहिए। कारण है कि आपको पता चल जाएगा कि गलतियां कहां कहां हो सकती हैं? पता चलने के बाद सतर्कता से उस कदम को संभालकर रखा जा सकता है। संभालकर कदम रखना आ गया तो मंजिल पर पहुंचने का रास्ता खुल जाएगा।

**कविता**

# धृतराष्ट्र सारा जहां हो गया!



-उमा व्यास,
(पुलिस उप निरीक्षक)

*जीभ उसकी कटी और गूंगा
सारा जहां हो गया, जिस्म
उसका तार तार हुआ निर्वस्त्र
सारा जहां हो गया , रीड की
हड्डी उसकी टूटी और अपाहिज
सारा जहां हो गया*

*इस मन की महाभारत का
संजय कोई नहीं था यहां
और धृतराष्ट्र सारा जहां हो गया*

*रात के अंधेरे में मौन हो गई
उसकी मूक चीखें
और बेजुबान सारा जहां हो
गया, हुक्मरानों की नारी
राजनीति ऐसी कि सियासत
की फन का कायल सारा जहां
हो गया।*

*वह निर्भया थी या थी वह
मोबिता देबनाथ
वह नारी थी और यही भूल
भारी थी,
यह उसका जिस्म था या दरिंदों
की बपौती
यही उसके मन और तन की
शूल सारी थी।*

*थी वह डॉक्टर हर किसी की
सेवा को आतुर
छतीसों घंटे किया करती थी
वह मानव सेवा
पर वहसी दरिंदों की दहशत
का इलाज सीख नहीं पाई थी
वो थे जख्म अनगिनत हजार
उसके बदन पे।*

*एक अट्ठहास सा उस सुबह
हर सू था, राख और जिस्म
दोनों ठंडे पड़े थे पर सियासत
गर्म थी।*

**शब्दों की सीख**

# जवान बाबा की झोंटी भैंस

*बेचारा बाबा तो इसी के गम में मर गया और वैसे भी तुम तो हमारे यजमान हो। अभी मैंने उस चोट्टे को पूरे पैसे नहीं दिए हैं।*



भागचंद गुर्जर, जयपुर

*पूरे गांव में बात आग की तरह फैल गई कि जवान बाबा की झोंटी भैंस गायब हो गई। सभी को आश्चर्य हो रहा था कि धोली दुपहरी भैंस को कौन ले गया? जमीन निकल गई या आसमान? सबसे ज्यादा गमगीन था जवान बाबा।*

जून खत्म होने को था पर बारिश के अभी कोई आसार नजर नहीं आ रहे थे। गांव में सूनी दुपहरी का सन्नाटा पसरा था। गर्मी बहुत तेज पड़ रही थी। जवान बाबा ( बाबा का नाम ही जवान था वैसे तो वह अस्सी पार कर गया था) गर्मी से त्रस्त हुआ अपनी गुवाड़ी में नीम के नीचे चारपाई पर उनींदा सा पड़ा था। तभी व्यापारी सा लगने वाला शख्स एक भैंस लेकर आया। बाबा को उसने राम-राम की। 'बाबा राम राम' 'राम रे भाई! भैंस कहां से लाया? 'ऐसे ही एक सौदा किया है।' इतना कहकर वह व्यक्ति आगे बढ़ गया। बाबा को ऐसा लगा की भैंस तो बिल्कुल अपनी झोंटी भैंस जैसी ही है। फिर उसे लगा की दोपहर की नींद में ऐसे ही कुछ सपना जैसा आ गया होगा। भला ऐसे दिन- दहाड़े किसकी हिम्मत जो भैंस खोल कर ले जाए। विचार को झटक कर बाबा फिर सोने का प्रयास करने लगा। अभी जवान बाबा ने आधे - पौन घंटे की ही झपकी ली थी कि पोते गोलू ने आकर जगा दिया। 'बाबा! ओ बाबा! उठो! अपनी झोंटी भैंस बाड़े में ना है।' 'तो कहां गई?' 'मुझे क्या पता?''गांव में ढूंढ कर आ कहीं खूंटा तुड़ा कर चली गई हो।' गोलू और उसकी मां पूरे गांव में ढूंढ आए। शाम को जवान बाबा का बेटा कजोड़ शहर से लौटा तो वह भी सुनकर हैरान रह गया। पूरा परिवार भैंस को गांव में सब तरफ ढूंढने लगा।

गांव के भी बहुत से लोगों को इधर-उधर दौड़ाया गया पर भैंस कहीं नहीं मिली। पूरा परिवार शोक में डूब गया। 80 हजार की भैंस थी। दूध भी 15 किलो से काम नहीं था और सयानी तो ऐसी की छोटा बच्चा भी दूध निकाल ले। पूरे गांव में बात आग की तरह फैल गई कि जवान बाबा की झोंटी भैंस गायब हो गई। सभी को आश्चर्य हो रहा था कि धोली दुपहरी भैंस को कौन ले गया? जमीन निकल गई या आसमान? सबसे ज्यादा गमगीन था जवान बाबा। उसे रह-रहकर वही दोपहर वाली घटना खाए जा रही थी। शाम तक तो किसी तरह चुप्पी साधे रहा। पर जब रात को सब खाना खाकर उठे तो उसने बेटे - बहू और पोते के सामने खुलासा किया। बाबा बोला, 'उरे! मुझे लगे है भैंस तो वह व्यापारी ले गया और मेरे सामने से ही ले गया। मैंने पूछी भी थी कि रे भैंस कहां से लाया तो कहने लगा कि सौदा करके लाया हूं। वह तो दिनदहाड़े ही मेरी आंखों में धूल झोंक गया।' और फिर बाबा फूट-फूट कर रोने लगा। इतना सुनना था कि कजोड़ और उसकी पत्नी दोनों के चेहरे तमतमा गए। वह बाबा को खरी - खोटी सुनाने लगे। ऐसे - ऐसे वचन बोले कि दुखी बाबा गहरे अवसाद में डूब गया। बीमार तो बाबा पहले ही था बुढ़ापे के सत्रह रोग लगे थे। वह यह झटका बर्दाश्त नहीं कर सका। अपराध बोध ने उसे ऐसा जकड़ा कि घटना के चार-पांच दिन बाद ही वह चल बसा। बाबा के मरने पर बेटे-बहू को अपनी करनी पर बहुत पछतावा हुआ कि हमें बाबा को इस तरह नहीं डांटना था। पर होनी को कौन टाले और 80 हजार की भैंस यूं ही चले जाना कम बात थोड़ी थी। प्रायश्चित यूं हुआ की बाबा के फूल गंगा में प्रवाहित करने तीनों (बेटा-बहू और पोता) ही जाएंगे। तीए की बैठक निपट जाने के बाद तीनों रात 8:00 बजे की बस से हरिद्वार चले गए। कजोड़ के गले में बाबा के फूलों की लाल थैली थी और सारे रास्ते उसे यही एहसास रहा की बाबा भी हमारे साथ ही है। सुबह 8:00 बजे बस से उतरकर उन्होंने नित्य कर्म निपटाए ही थे की पंडे आ गए। एक पंडे ने नाम-गांव पूछा और झट अपने यजमान की पहचान कर अपने डेरे पर ले गया। यह जिस पंडे के घर पर आए उसके चौक में एक भैंस बधीं थी। भैंस देखकर तीनों ही चौंक गए। तीनों ने एक-दूसरे के चेहरों को देखा और आंखों ही आंखों में सवाल किए। गोलू ने कजोड़ को धीमे स्वर में कहा, 'बापू यह तो अपनी झोंटी भैंस है। पहचान तो तीनों ही गए थे पर पंडित से कैसे पूछे? क्या कहें? यही संकट था। तभी पंडा ने उनके कुटुंब, जाति, गोत्र और गांव आदि के हिसाब से उनकी पोथी निकाल ली और कार्रवाई आरंभ कर दी। इसी बीच गोलू पुनः भैंस के पास गया और खूब अच्छी तरह जांच-परख आया। अंदर जाकर गोलू ने अपनी मां के कान में होले से कहा, 'मम्मी भैंस तो अपनी ही लगे है।' फिर तीनों आपस में खुसर-पुसर करने लगे। पंडे को भी समझ नहीं आ रहा था कि आखिर माजरा क्या है? इनका ध्यान किधर है? जब से आए हैं तीनों आपस में ही खुसर-पुसर किये जा रहे हैं। अब तक पंडे ने पोथी में से नाम भी पकड़ लिया था। वह बोला, ' कजोड़ जी क्या बात है?' तभी कजोड़ की पत्नी ने कजोड़ को कोहनी मारी तो उसने हिम्मत बटोर कर कहा, 'महाराज बुरा ना मानो तो एक बात पूछूं।''हां हां पूछो।' 'महाराज यह भैंस आपने कब ली?' 'इसे लिए तो अभी दो-तीन दिन ही हुए हैं। 'महाराज यह भैंस तो हमारी है।' 'क्या मतलब?' पंडे ने आंखें फाड़ते हुए कहा। और फिर कजोड़ ने सारी घटना बता दी। घटना सुनने के बाद पंडा बोला, ' ऐसी बात है तो निश्चिंत रहो भैंस तुम्हारी तुमको ही मिलेगी। बेचारा बाबा तो इसी के गम में मर गया और वैसे भी तुम तो हमारे यजमान हो। अभी मैंने उस चोट्टे को पूरे पैसे नहीं दिए हैं । उसके नंबर भी है मेरे पास। अभी फोन मिलाता हूं।' कहने के साथ ही पंडे ने अपने कुर्ते की जेब से मोबाइल निकाला और फोन करने लगा। ' हां भाई भैंस के पैसे लेने कब आ रहे हो? आज ही आ जाओ। ठीक है शाम तक आ जाओ।' फिर वह कजोड़ से बोला ' मैंने बात कर ली है। वह शाम तक आ जाएगा। तुम दिन को अस्थि विसर्जन और पूजा वगैरह करवा के शाम को यही घर पर आ जाना।' कहने के साथ ही उसने एक पंडित को कजोड़ के साथ भेज दिया। शाम को जब वे सारे काम निपटाकर पंडे के घर पर पहुंचे तो पंडा उस भैंस चोर से ही उलझा हुआ था। उसने पुलिस को भी बुला लिया था। जब सब ओर से दबाव पड़ा तो चोर ने सब उगल दिया। उसने यह बात भी कबूल कर ली कि मैं इनके बाबा के सामने से ही भैंस को लेकर निकला था। अंततः उस चोर ने पंडे को उसके रुपए लौटा दिए और पंडे ने भैंस की रस्सी कजोड़ को सोंपते हुए कहा- 'बाबा मरते - मर गया पर तुम्हारी भैंस तो दिला ही गया।'

### भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक: राज्यों के लिए सदस्यता अभियान के प्रभारी नियुक्त

# पहले होंगे संगठन के चुनाव, जनवरी में मिल सकता है पार्टी को नया अध्यक्ष

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भाजपा ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए सदस्यता अभियान प्रभारियों की नियुक्ति की है। पार्टी का सदस्यता अभियान 1 सितंबर से शुरू होगा। पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की शनिवार को दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक में सदस्यता अभियान के प्रमुखों की नियुक्ति की गई है। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद तावड़े को राजस्थान, मध्य प्रदेश, गोवा, दमन और दीव और दादरा और नगर हवेली के लिए सदस्य अभियान का प्रभारी नियुक्त किया गया है। बैठक की अध्यक्षता भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी बैठक में मौजूद थे। इस बैठक में पार्टी सभी राष्ट्रीय पार्टी प्रमुख, राज्य प्रभारी, सह-प्रभारी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और संगठन महासचिव शामिल हुए। बैठक में सदस्यता अभियान के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा हुई। बैठक के एजेंडे में भाजपा के सदस्यता



अभियान और संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया को अंतिम रूप देना शामिल था। मंडल से लेकर जिला और राज्य स्तर तक सदस्यता अभियान और संगठनात्मक चुनाव के बाद जनवरी 2025 में भाजपा का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जा सकता है। नड्डा का अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल समाप्त हो चुका है और वे नए अध्यक्ष के चुनाव तक राष्ट्रीय अध्यक्ष रूप में कार्य करते रहेंगे।

### विनोद तावड़े होंगे राष्ट्रीय संयोजक

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े को राष्ट्रीय सदस्यता अभियान का राष्ट्रीय संयोजक और रेखा वर्मा (उपाध्यक्ष) को सदस्यता अभियान का सह संयोजक बनाया गया है। बीजेपी का सदस्य मिस्ड कॉल, क्यूआर कोड, नमो एप्प और भाजपा वेवसाइट के जरिए बन सकते हैं। सदस्यता अभियान को लेकर पार्टी ने अपने नेताओं को अलग-अलग राज्यों और मोर्चों की जिम्मेदारी भी सौंपी है। युवा मोर्चा के सदस्यता अभियान का प्रभारी ऋतुराज सिन्हा, महिला मोर्चे की रेखा वर्मा को, किसान मोर्चे का प्रभारी अतुल गर्ग को बनाया है, जबकि विनोद तावड़े को ओबीसी, अरविंद मेनन को एससी , राजदीप रॉय को एसटी और दुष्यंत गौतम को अल्पसंख्यक मोर्चा के सदस्यता अभियान की जिम्मेदारी दी गई है।

### ऐसे सौंपा गया सदस्यता अभियान का प्रभार

सूत्रों के मुताबिक, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम को पश्चिम बंगाल, सिक्किम, त्रिपुरा, और ओडिशा का प्रभारी बनाया गया है। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा शर्मा दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, लद्दाख और चंडीगढ़ में सदस्यता अभियान का काम देखेंगी। वहीं, डी पुरंदेश्वरी को केरल, पुडुचेरी और तमिलनाडु का प्रभारी बनाया गया है। जबकि अरविंद मेनन अंडमान और निकोबार, आंध्र प्रदेश, लक्षद्वीप और तेलंगाना का काम देखेंगे। राजदीप रॉय को अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम और नगालैंड का प्रभारी बनाया गया है। विजय राहतकर छत्तीसगढ़ और कर्नाटक के प्रभारी होंगे। ऋतुराज सिन्हा उत्तर प्रदेश और गुजरात के सदस्यता अभियान के प्रभारी होंगे। जबकि गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग उत्तराखंड और बिहार के प्रभारी होंगे।

---

### J&K के पूर्व मंत्री जुल्फिकार की शाह से मुलाकात




**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मंत्री और दो बार विधायक रहे चौधरी जुल्फिकार अली ने शनिवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। अमित शाह से मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा करते हुए जुल्फिकार अली ने लिखा, दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से अच्छी मुलाकात हुई और राजौरी और पुंछ से जुड़े विभिन्न मुद्दों के अलावा क्षेत्र के राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा हुई।

### कांग्रेस: J&K व झारखंड में नए प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली।** कांग्रेस हाईकमान ने जम्मू-कश्मीर और झारखंड में नए प्रमुखों के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव में उतरने का फैसला किया है। पार्टी ने विकार रसूल वानी की जगह तारिक हमीद कर्रा को जम्मू-कश्मीर प्रदेश इकाई का नया प्रमुख नियुक्त किया है। वहीं वानी को पार्टी की कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया है। इसके अलावा अनुभवी नेता तारा चंद और रमन भल्ला को भी कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। तारा चंद ने 2022 में आजाद की पार्टी डीपीएपी में शामिल होने के लिए कांग्रेस छोड़ दी थी, लेकिन बाद में वह कांग्रेस में लौट आए थे। पार्टी ने झारखंड में भी फेरबदल किया है और केशव महतो कमलेश को प्रदेश कांग्रेस का नया अध्यक्ष बनाया है। वहीं महाराष्ट्र में कांग्रेस विधायक दल के पूर्व नेता बालासाहेब थोराट को कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है। कार्यकारी अध्यक्ष आरिफ नसीम खान अब सीडब्ल्यूसी में विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे जबकि सैयद मुजफ्फर हुसैन पार्टी की राज्य इकाई के नए कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं।

---

### कर्नाटक: मेसुरु भूमि आवंटन मामले में भाजपा व कांग्रेस में सियासी घमासान

# राज्यपाल ने दी CM सिद्धारमैया पर मुकदमा चलाने की अनुमति

- सिद्धारमैया ने आरोपों को किया खारिज, कहा-अदालत में चुनौती देंगे

**एजेंसी** | बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया मुश्किल में हैं। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूमि आवंटन घोटाले के मामले में सिद्धारमैया के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। राज्यपाल के फैसले के बाद भाजपा और कांग्रेस के बीच सियासी जंग छिड़ गई है। कांग्रेस ने इस कदम को लेकर भाजपा पर हमला किया है। सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि राज्यपाल का फैसला संविधान विरोधी और कानून के खिलाफ है। इसे अदालत में चुनौती दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मैंने ऐसा कोई गलत काम नहीं किया है कि इस्तीफा देना पड़े। भाजपा, जद (एस) और अन्य ने लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचित सरकार को हटाने की साजिश रची है।

राजभवन सूत्रों के मुताबिक कर्नाटक के राज्यपाल गहलोत ने शनिवार को एमयूडीए घोटाले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर केस चलाने की अनुमति दे दी। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने सामाजिक कार्यकर्ता टी जे अब्राहम, प्रदीप और स्नेहमयी कृष्णा की ओर से दायर याचिकाओं के आधार पर सीएम सिद्धारमैया पर मुकदमा चलाने के लिए लोकायुक्त को मंजूरी दी है। पिछले महीने राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी किया था और उनसे सात दिनों के भीतर जवाब देने को कहा था कि उन पर मुकदमा क्यों नहीं चलाया जाना चाहिए। कर्नाटक सरकार ने राज्यपाल को नोटिस वापस लेने की सलाह दी थी और इसे राज्यपाल के संवैधानिक पद का घोर दुरुपयोग करार दिया था।



### मंत्रिमंडल की बैठक में किया गया विचार

राज्यपाल के निर्णय के बाद शनिवार शाम पांच बजे राज्य मंत्रिमंडल की विशेष बैठक बुलाई गई है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री अभियोजन के लिए राज्यपाल द्वारा दी गई मंजूरी के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। सिद्धारमैया ने कई बार कहा है कि यदि राज्यपाल उन्हें जारी कारण बताओ नोटिस वापस लेने की कैबिनेट की सलाह को अस्वीकार कर देते हैं तथा अभियोजन की अनुमति दे देते हैं तो उनके नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार कानूनी और राजनीतिक रूप से लड़ने के लिए तैयार है।

### यह है मामला

कर्नाटक के मुख्यमंत्री की पत्नी पार्वती 2021 में भाजपा के कार्यकाल के दौरान एमयूडीए की लाभार्थी थीं। उस समय मैसूर के प्रमुख स्थानों में 38,284 वर्ग फुट भूमि उन्हें उनकी 3.16 एकड़ जमीन के अधिग्रहण के मुआवजे के रूप में आवंटित की गई थी। मैसूर के केसारे गांव में उनकी 3.16 एकड़ जमीन उनके भाई मल्लिकार्जुन ने उन्हें उपहार में दी थी। इसके मुआवजे के तौर पर उन्हें दक्षिण मैसूर में एक प्रमुख इलाके में जमीन दी गई। आरोप है कि केसर गांव की जमीन की तुलना में इसकी कीमत काफी अधिक है। इसके कारण मुआवजे की निष्पक्षता पर सवाल उठाए गए हैं। एमयूडीए ने पार्वती को उनकी 3.16 एकड़ भूमि के बदले 50:50 अनुपात योजना के तहत भूखंड आवंटित किए थे।

### राज्यपाल के कार्यालय का दुरुपयोग: परेश्वर

कर्नाटक के गृह मंत्री परमेश्वर ने शनिवार को कहा कि राज्यपाल के कार्यालय का 'दुरुपयोग' किया गया है। उन्होंने दावा किया कि राज्यपाल गहलोत पर ऊपर से दबाव था, जो अब साबित हो गया है। परमेश्वर ने पत्रकारों से कहा, यह साफ है कि ऊपर से दबाव है। ऐसी कोई स्पष्ट सूचना नहीं है कि मुख्यमंत्री ने कोई निर्देश दिया था या कोई मौखिक निर्देश दिया था। फिर भी सिद्दरमैया को कारण बताओ नोटिस दिया गया है।

### 5000 करोड़ रुपए का है घोटाला, सीएम इस्तीफा दें: भाजपा

भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा है कि एमयूडीए घोटाला 5,000 करोड़ रुपए का घोटाला है, जिसमें महंगी जमीनें मुख्यमंत्री की पत्नी, मुख्यमंत्री के मित्रों और सहयोगियों को बांटी गई और मुख्यमंत्री ने अपने हलफनामे में इसका खुलासा भी नहीं किया। सीएम को इस्तीफा दे देना चाहिए ताकि मामले में निष्पक्ष जांच हो सके। भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा कि आरोपों की प्रकृति बहुत गंभीर है। हमें उम्मीद है कि सीएम नैतिक जिम्मेदारी लेंगे और निष्पक्ष जांच के लिए इस्तीफा देंगे।

---

### गुलाम नबी आजाद को झटका

# पूर्व मंत्री मोहिउद्दीन ने छोड़ी DPAP, कांग्रेस में फिर होंगे शामिल

**एजेंसी** | जम्मू

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही पूर्व केंद्रीय मंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के प्रमुख गुलाम नबी आजाद को तगड़ा सियासी झटका लगा है। पार्टी के उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री ताज मोहिउद्दीन ने शनिवार को डीपीएपी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कांग्रेस में फिर से शामिल होने के लिए यह कदम उठाया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार मोहिउद्दीन ने कहा कि वह कांग्रेस के साथ चार दशकों से अधिक समय से जुड़े रहे थे और कुछ दिनों में कांग्रेस में फिर से शामिल होंगे।

उन्होंने कहा, मेरा इरादा घर वापसी का है, लेकिन जब तक मैं अपने कार्यकर्ताओं से नहीं पूछ लेता तब तक ऐसा करने का सवाल ही नहीं उठता था। अब मेरे कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में मुझसे ऐसा करने को कहा है। इसलिए मैं बहुत जल्द घर वापसी करूंगा। डीपीएपी छोड़ने के कारणों के बारे में पूछे जाने पर मोहिउद्दीन ने कहा कि वह लगभग 45 वर्षों से कांग्रेस के साथ थे। उनके कार्यकर्ता उन्हें केवल इस पुरानी पार्टी और उसके प्रतीक से ही जोड़ते हैं। मेरे कार्यकर्ताओं ने मुझसे कांग्रेस में फिर से शामिल होने को कहा है, इसलिए मैंने डीपीएपी छोड़ने और कांग्रेस में फिर से शामिल होने का निर्णय लिया।

बता दें कि मोहिउद्दीन उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे हैं। उन्होंने अगस्त 2022 में आजाद के समर्थन में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद वह आजाद के नेतृत्व वाली पार्टी में शामिल हो गए।




### सोम या मंगलवार को हो सकते हैं पार्टी में शामिल

कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष तारिक कर्रा अभी दिल्ली में हैं। कहा जा रहा है कि कर्रा के दिल्ली से लौटने के बाद ताज मोहिउद्दीन को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई जा सकती है। वह सोमवार या मंगलवार को कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं।

---

### केंद्र में कुछ पदों पर सीधी भर्ती: कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा को घेरा

# SC-ST व OBC को आरक्षण से कर रहे हैं दूर: खरगे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को आरोप लगाया कि भाजपा जानबूझकर नौकरियों में इस तरह से भर्तियां कर रही है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग को आरक्षण से दूर रखा जा सके। उन्होंने कहा कि संविधान में निहित आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय के प्रावधानों को पूरी तरह लागू करना जरूरी है और इसीलिए कांग्रेस सामाजिक न्याय के लिए जाति जनगणना की मांग कर रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हिंदी में लिखी एक पोस्ट में खरगे ने कहा कि संविधान की धज्जियां उड़ाने वाली भाजपा ने आरक्षण पर दोहरा हमला किया है! आज मोदी सरकार ने केंद्र में संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव के कम से कम 45 पदों को लेटरल एंट्री के जरिए भरने के लिए विज्ञापन जारी किया है। क्या इसमें एससी, एसटी, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस आरक्षण है? भाजपा जानबूझकर नौकरियों में ऐसे भर्ती कर रही है, ताकि आरक्षण से एससी, एसटी, ओबीसी वर्गों को दूर रखा जा सके।



### यूपी में शिक्षकों की नियुक्ति में आरक्षण छीनने का लगाया आरोप

खरगे ने अपने ट्वीट में उत्तर प्रदेश का जिक्र करते हुए कहा कि यूपी में 69 हजार सहायक शिक्षकों की नियुक्ति में आरक्षण घोटाले का अब हाई कोर्ट के फैसले से पर्दाफाश हो चुका है। इस मामले में राहुल गांधी ने मार्च 2024 में दलित और पिछड़े वर्ग में आरक्षण घोटाले में प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर वंचित अभ्यर्थियों की आवाज उठाई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि, योगी सरकार ने अभ्यर्थियों से नाइंसाफी करते हुए ये पद भरे थे, जिसमें दलित और पिछड़े वर्ग का आरक्षण का संवैधानिक हक उनसे छीना गया। उन्होंने आगे कहा कि, अब हमें पता चला कि भाजपा की सहयोगी दल की केंद्रीय मंत्री ने नौकरियों में आरक्षण पर हो रहे धांधली पर सरकार का ध्यान क्यों आकृष्ट कराया था। भारत के संविधान में निहित आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय के प्रावधानों को पूर्णतः लागू करना आवश्यक है। कांग्रेस पार्टी इसीलिए सामाजिक न्याय के लिए जातिगत जनगणना की मांग कर रही है।

---

### लोकसभा अध्यक्ष ने संसदीय समितियों का किया गठन

# वेणुगोपाल होंगे पीएसी के अध्यक्ष

**एजेंसी** | नई दिल्ली

संसदीय समितियों का गठन हो गया है, जिसमें कांग्रेस समेत विपक्षी दलों को भी उचित स्थान मिला है। कांग्रेस पिछले काफी समय से ये शिकायत करती रही है कि उसे संसदीय समितियों में तवज्जो नहीं दी जाती है। लेकिन इस बार के लोकसभा चुनाव के नतीजों ने काफी कुछ बदल दिया है। ये बदलाव संसदीय समितियों में भी देखने को मिल रहा है। लोक लेखा समिति (पीएसी) की अध्यक्षता कांग्रेस के पास गई है।

लोकसभा सचिवालय ने शुक्रवार को एक बुलेटिन जारी कर संसदीय समितियों के गठन की घोषणा की। तीनों समितियों का कार्यकाल एक वर्ष का होता है और इनमें लोकसभा और राज्यसभा दोनों के सदस्य शामिल होते हैं, जिनका चयन दोनों सदनों द्वारा किया जाता है। इनके अलावा, विभाग-संबंधी अन्य स्थाई समितियां भी हैं, जो विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों पर नजर रखती हैं। हालांकि,भाजपा के हिस्से में अधिकांश संसदीय समितियों की अध्यक्षता आई है। सिर्फ लोक लेखा समिति पीएसी की अध्यक्षता कांग्रेस के पास गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के. सी. वेणुगोपाल पीएसी के अध्यक्ष बनाए गए हैं। वहीं, अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए बनी समिति का चेयरमैन भाजपा सांसद गणेश सिंह को बनाया गया है। पब्लिक अंडरटेकिंग समिति की अध्यक्षता बीजेपी सांसद बैजयंत पांडा को सौंपी गई है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समिति का अध्यक्ष भाजपा सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते को बनाया गया है।



---

**हरियाणा की चुनावी चिट्ठी**

# जजपा को झटका, चुनाव घोषणा के 24 घंटे के भीतर चार MLA ने छोड़ा साथ

**एजेंसी** | चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के चुनावों की घोषणा के साथ ही राज्य की सियासत गरमा गई है। वहीं, राज्य में सियासी ताकतों के धुर्वीकरण का सिलिसला भी शुरू हो गया है। चुनावों की घोषणा के 24 घंटे के भीतर ही जननायक जनता पार्टी (जजपा) के चार विधायकों ने पार्टी से अपना इस्तीफा दे दिया है। जजपा ने पिछले चुनावों के बाद भाजपा की सरकार के गठन में अहम भूमिका निभाई थी और करीब साढ़े चार साल तक पार्टी सरकार का हिस्सा रही है। लेकिन 24 घंटे के भीतर ही चार विधायकों के साथ छोड़ जाने से पार्टी की चुनावी तैयारियों को भी झटका लग सकता है। पार्टी से इस्तीफा देने वाले विधायकों में गुहला चीका से विधायक ईश्वर सिंह, शाहबाद के विधायक राम करन, हल्का उलकाना विधायक अनूप धानक और टोहाना से विधायक देविंदर सिंह बबली शामिल हैं। सबसे पहले उकलाना से विधायक अनूप धानक ने इस्तीफा दिया था। उन्होंने चुनावों की घोषणा के तत्काल बाद ही इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद इस्तीफों का सिलसिला सा शुरू हो गया। इसके तुरंत बाद टोहाना से विधायक देवेंद्र बबली ने पार्टी का साथ छोड़ दे दिया। देवेंद्र बबली का इस्तीफा जजपा के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। ईश्वर सिंह और रामकरण ने निजी कारणों से इस्तीफा देने की बात कही है। ईश्वर सिंह ने शनिवार को अजय चौटाला को लिखे एक पत्र में पार्टी से इस्तीफा देने की घोषणा की। चुनाव घोषणा के बाद पार्टी के चार विधायकों के इस्तीफे से पार्टी चुनाव से पहले राजनीतिक मुश्किलों में फंस सकती है।





### जजपा की तैयारी पूरी, सरकार बनाएंगे: दिग्विजय सिंह

पार्टी के विधायकों के इस्तीफे को लेकर जजपा के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए जजपा की तैयारी पूरी है। हम पूर्ण बहुमत से प्रदेश में सरकार बनाने जा रहे हैं। पिछले साढ़े 4 साल में जजपा ने सरकार में रहते हुए बेहतरीन काम किए हैं। भाजपा ने हमें धोखा दिया है।

### कांटे की टक्कर के आसार

जजपा विधायकों के इस्तीफों के बाद राजनीतिक क्षेत्रों में इन विधायकों के भाजपा का दामन थामने के कयास शुरू हो गए हैं। राज्य में लोकसभा चुनाव की तरह ही विधानसभा चुनाव में भी भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे का मुकाबला होने के आसार हैं। कांग्रेस हालांकि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता में आने से तो नहीं रोक पाई थी, लेकिन उसने भाजपा को बहुमत का आंकड़ा भी नहीं छूने दिया था। इसके बाद हाल के लोकसभा चुनावों में उसने भाजपा को बराबरी की टक्कर दी। भाजपा राज्य की 10 लोकसभा सीटों में से केवल पांच सीटें ही जीत पाई थी। जबकि पांच अन्य सीटों पर कांग्रेस विजयी रही थी। विधानसभा वार आकलन में दोनों दल 44-44 सीटों पर बढ़त पर रहे। इससे साफ है कि विधानसभा चुनाव में भी कड़ी टक्कर होने की संभावना है।

### नए सामाजिक समीकरण की तैयारी

हरियाणा में जाट और गैर जाट राजनीति काफी हावी रहती है। राज्य में लंबे समय तक जाट राजनीति का दबदबा रहा, लेकिन दस साल पहले 2014 में भाजपा ने पहली बार राज्य में अपने दम पर बहुमत हासिल करने के बाद मनोहरलाल खट्टर को मुख्यमंत्री बनाकर नए सामाजिक समीकरणों की राजनीति को शुरू किया। इसके बाद 2019 में भाजपा ने फिर से मनोहरलाल पर ही दांव लगाया और एक बार फिर सरकार बनाने में सफल रही। चूंकि वह बहुमत से छह सीट दूर रह गई थी, इसलिए गठबंधन सरकार बनानी पड़ी। भाजपा ने लोकसभा चुनाव के ठीक पहले मनोहर लाल की जगह नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर सत्ता विरोधी माहौल समाप्त करने की कोशिश की। इसके साथ ही भाजपा लोकसभा चुनाव से नए सामाजिक समीकरण बनाने का प्रयास भी कर रही है। उसने कुछ प्रमुख जाट नेताओं को भी पार्टी से जोड़ा है। इनमें किरण चौधरी और उनकी बेटी श्रुति चौधरी शामिल है। किरण चौधरी पूर्व मुख्यमंत्री बंशीलाल की बहू हैं।

## जरूरी खबर

### देश में एमपॉक्स का फिलहाल खतरा नहीं

**नई दिल्ली।** भारत में एमपॉक्स का कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। भारत में एमपॉक्स के प्रकोप का अधिक खतरा नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा एमपॉक्स को फिर से वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित करने के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर एमपॉक्स की स्थिति और तैयारियों की समीक्षा की। मंत्रालय स्थिति पर नजर रख रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि सावधानी के तौर पर सभी हवाईअड्डों, बंदरगाहों और सीमाक्षेत्र में सतर्कता बरतने, 32 परीक्षण प्रयोगशालाओं को तैयार करने, किसी भी मामले का पता लगाने, प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य केंद्रों की क्षमताएं बढ़ाने जैसे कदम उठाए जाएंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि फिलहाल एमपॉक्स का खतरा नहीं है, हालांकि मंत्रालय ने आने वाले हफ्तों में कुछ मामलों का पता चलने की आशंका को पूरी तरह से खारिज नहीं किया।

### वक्फ बिल: JPC की पहली बैठक 22 अगस्त को

**नई दिल्ली।** वक्फ बोर्ड में सुधार से जुड़े विधेयक पर विचार के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की पहली बैठक अगले सप्ताह होगी। लोकसभा सचिवालय के नोटिस में कहा गया है कि भाजपा सदस्य जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली समिति 22 अगस्त को अल्पसंख्यक मामलों और विधि और न्याय मंत्रालय के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगी। बैठक के दौरान अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधि सदस्यों को विधेयक और विधेयक में प्रस्तावित संशोधनों के बारे में जानकारी देंगे। जेपीसी में लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 सदस्य हैं। समिति को संसद के अगले सत्र के पहले हफ्ते में विधेयक पर अपनी रिपोर्ट देने को कहा गया है। यह विधेयक भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार की पहली बड़ी पहल है।

### 15000 फुट पर पहुंचाया पोर्टेबल अस्पताल

**नई दिल्ली।** वायुसेना और थलसेना ने साथ मिलकर पैरा-ड्रॉप अभियान के तहत लगभग 15,000 फुट की ऊंचाई वाले क्षेत्र में आरोग्य मैत्री हेल्थ क्यूब को पहुंचाया। आरोग्य मैत्री क्यूब दुनिया का पहला एयर-लिफ्ट पोर्टेबल अस्पताल है। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि यह अपनी तरह का पहला सटीक पैरा-ड्रॉप अभियान है। इसे भीष्म परियोजना (भारत हेल्थ इनिशिएटिव फार सहयोग हित एंड मैत्री) के तहत विकसित किया गया है। इस अभियान ने पहाड़ी क्षेत्रों में भी मानवीय सहायता और आपदा राहत के प्रभावी संचालन की क्षमता प्रदर्शित की है।

## पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया की जीवनी का विमोचन




**वेंकटचलम (आंध्र प्रदेश)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले के वेंकटचलम में स्वर्ण भारत ट्रस्ट के कार्यक्रम को संबोधित किया। इसके अलावा उन्होंने नेल्लोर में पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू की संजय किशोर द्वारा लिखित जीवनी 'वेंकैया नायडू - ए स्टेटमैन' पुस्तक का विमोचन किया।

## नायडू की मोदी से मुलाकात, वित्तीय सहायता मांगी



**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कर्ज में डूबे दक्षिणी राज्य के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने की मांग की। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय बजट के बाद मोदी के साथ नायडू की यह पहली बैठक रही। इसमें उन्होंने अमरावती के विकास के लिए वित्तपोषण सहित आंध्र प्रदेश के लिए की गई प्रमुख घोषणाओं के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। बजट में आंध्र प्रदेश की नई राजधानी अमरावती के विकास के लिए 15,000 करोड़ रुपए दिए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि नायडू ने राज्य की वित्तीय स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। राजकोषीय चुनौतियों से निपटने, आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और राज्य के सकल घरेलू उत्पाद को बढ़ाने के लिए अधिक केंद्रीय सहायता का अनुरोध किया।

**ग्लोबल साउथ समिट:** पीएम मोदी का वैश्विक विकास समझौता का प्रस्ताव

# व्यापार व क्षमता निर्माण के लिए 35 लाख डॉलर का बनेगा कोष

- व्यापार संवर्द्धन के लिए 25 लाख डॉलर
- क्षमता निर्माण के लिए 10 लाख डॉलर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत ने ग्लोबल साउथ के देशों को उनकी प्राथमिकताओं के आधार पर संतुलित और सतत विकास में सहयोग के लिए व्यापक 'ग्लोबल डेवेलपमेंट कॉम्पैक्ट' (वैश्विक विकास समझौता) प्रस्ताव किया है और व्यापार संवर्द्धन एवं क्षमता निर्माण के लिए दो कोष गठित कर 35 लाख डॉलर के योगदान की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को तीसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में अपने समापन वक्तव्य में यह प्रस्ताव रखा। मोदी ने दुनियाभर में अनिश्चितताओं के परिणामों पर चिंता जताते हुए 'ग्लोबल साउथ' के देशों से खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा संकट एवं आतंकवाद की चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया।



मोदी ने वर्चुअल रूप में आयोजित शिखर-सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में शामिल नेताओं के विचारों एवं सुझावों के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि आप सभी ने हमारी साझी चिंताओं और महत्वाकांक्षाओं को सामने रखा है। आपके विचारों से ये बात साफ़ है कि ग्लोबल साउथ एकजुट है। आज की हमारी चर्चा से आपसी सामंजस्य के साथ आगे बढ़ने का रास्ता तैयार हुआ है। उन्हें विश्वास है कि इससे हमारे साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए गति मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा, यह कॉम्पैक्ट (समझौता)ग्लोबल साउथ के देशों द्वारा स्वयं निर्धारित की गई विकास प्राथमिकताओं से प्रेरित होगा। यह विकास के लिए ऋण के नाम पर जरूरतमंद देशों को कर्ज तले नहीं दबाएगा। यह साझीदार देशों के संतुलित और सतत विकास में सहयोग देगा।

#### 100 से अधिक देश शामिल पाक-चीन को निमंत्रण नहीं

समिट में चीन और पाकिस्तान को आमंत्रित नहीं किया गया था। वर्चुअल तरीके से संपन्न इस बैठक में दुनिया के सौ से ज्यादा देशों ने कारोबार से लेकर स्वास्थ्य तक, कूटनीति से लेकर ऊर्जा व शिक्षा जैसे मुद्दों पर विमर्श किया।

#### बांग्लादेश के मोहम्मद यूनुस ने भी हिस्सा लिया

बैठक के शुरुआती सत्र में बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने भी हिस्सा लिया। समिट के विदेश मंत्रियों के सत्र को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने इसे विकासशील व गरीब देशों के भविष्य की प्रगति से जोड़ कर पेश किया।

**किसी बड़े पत्थर से टकराने की आशंका**

## साबरमती एक्सप्रेस के 22 डिब्बे पटरी से उतरे

**एजेंसी** | कानपुर

उत्तर प्रदेश के कानपुर के पास साबरमती एक्सप्रेस के 22 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। ट्रेन नंबर 19168, वाराणसी से अहमदाबाद जा रही थी। हादसा कानपुर के गोविंदपुरी स्टेशन के पास शनिवार तड़के करीब ढाई बजे हुआ। इस हादसे में जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। उत्तर-मध्य रेलवे (एनसीआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया है कि साबरमती एक्सप्रेस के डिब्बे कानपुर और भीमसेन रेलवे स्टेशन के बीच पटरी से उतर गए। इस हादसे में किसी के मारे जाने या घायल होने की फिलहाल कोई खबर नहीं है।

त्रिपाठी के मुताबिक, ड्राइवर से पूछताछ में पता चला है कि ट्रेन के इंजन से कोई बड़ा पत्थर आ टकराया, जिससे शायद यह हादसा हुआ। ट्रेन में इंजन के अगले हिस्से में जानवरों से बचाव के लिए लगा 'कैटल गार्ड' बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर मुड़ गया। रेलवे फिलहाल इस घटना की जांच कर रही है। रेलवे ने यात्रियों को कानपुर पहुंचाने के लिए मौके पर बसें भेजी।



#### IB ने शुरू की जांच

इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) और उत्तर प्रदेश पुलिस घटना में शरारती या असामाजिक तत्वों का हाथ होने की जांच कर रहे हैं, क्योंकि शुरुआती तौर पर ऐसा लगता है कि ट्रेन का इंजन, पटरी पर रखी किसी चीज से टकरा गया। एक अधिकारी ने कहा, ट्रेन के 16वें डिब्बे के पास हमें एक संदिग्ध चीज मिली है। इंजन के 'कैटल गार्ड' को पहुंचे नुकसान को देखकर ऐसा लगता है कि इंजन इसी संदिग्ध चीज से टकराया और पटरी से उतर गया।

**कोलकाता: डॉक्टर के रेप व हत्या के मामले में** देश में डॉक्टर रहे हड़ताल पर, ओपीडी की व्यवस्था चरमराई

# केंद्र का स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा पर कमेटी गठित करने का प्रस्ताव

**एजेंसी** | कोलकाता/नई दिल्ली

कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के बलात्कार और हत्या को लेकर शनिवार को देश भर में डॉक्टर्स हड़ताल पर रहे। इस देशभर में स्वास्थ्य सेवाएं बाधित रहीं। ओपीडी की व्यवस्था चरमरा गई। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने 24 घंटे के लिए पूरे देश में गैर-आपातकालीन और ओपीडी सेवाएं बंद रखने की अपील की थी। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को डॉक्टरों से हड़ताल खत्म करने की गुहार लगाई। साथ ही, यह आश्वासन दिया कि स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए सुरक्षा उपायों पर प्रस्ताव देने के लिए कमेटी बनाई जाएगी। केंद्र के अनुसार, इस समिति में राज्य सरकारों सहित सभी प्रासंगिक हितधारकों के इनपुट शामिल होंगे। इन सभी को अपने सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को नई दिल्ली में फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (फोर्डा), इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और सरकारी मेडिकल कॉलेजों व अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस दौरान स्वास्थ्य सेवा संघों ने अपने कार्यस्थलों पर स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने बारी-बारी से अपनी मांगें रखीं और सरकार से मेडिकल पेशेवरों को हिंसा व अन्य खतरों से बचाने के लिए तुरंत कार्रवाई करने का आग्रह किया। साथ ही, मेडिकल सेक्टर से जुड़ी अलग-अलग समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।



#### सरकार से IMA की पांच मांगें

- चिकित्सा पेशे से जुड़े लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।
- नीतिगत स्तर पर मामले का संज्ञान लेकर सुरक्षा के लिए मानक तय किए जाएं। -सीसीटीवी सर्विलांस की व्यवस्था की जाए।
- ट्रेनी डॉक्टर की हत्या के मामले में तेजी से हो जांच ।
- डॉक्टरों को अत्याचार से बचाने के लिए केंद्र सरकार कानून बनाए व चिकित्सा परिषद को सशक्त बनाया जाए।

#### एम्स में 99 फीसदी कम हुई सर्जरी

एम्स दिल्ली में शनिवार को रेजिडेंट डॉक्टरों के अलावा प्रोफेसर भी हड़ताल पर रहे। इस वजह से सिर्फ 202 मरीजों का ओपीडी में उपचार हुआ, जबकि यहां आम दिनों में 13 से 15 हजार रोगी हर रोज ओपीडी में इलाज के लिए आते हैं। एम्स प्रशासन के मुताबिक, शनिवार को छोटे-बड़े मिलाकर कुल 66 ऑपरेशन किए गए। यह सामान्य दिनों के मुकाबले 99 फीसदी कम हैं। दिल्ली के प्रमुख निजी अस्पतालों के डॉक्टरों ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया और अपनी ओपीडी, वैकल्पिक सर्जरी और आईपीडी सेवाएं बंद कर दीं।

## स्वदेश लौटने पर स्वागत से विनेश अभिभूत



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में अधिक वजन होने के कारण पदक नहीं जीत पाने वाली भारत की स्टार पहलवान विनेश फोगाट का शनिवार को स्वेदश पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। विनेश ने इस दौरान कहा कि उन्हें जो प्यार और सम्मान मिला है, वह एक हजार स्वर्ण पदकों से भी अधिक है। शनिवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर अपने प्रशंसकों से मिले जबर्दस्त समर्थन को देखकर विनेश भावुक हो गईं। उनके समर्थकों ने उन्हें भारी मालाओं से लाद दिया। बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक जैसे स्टार खिलाड़ियों के अलावा पंचायत नेता भी विनेश का स्वागत करने के लिए पहुंचे थे।

विनेश फूल मालाओं से लदी थी। उन्होंने खुली जीप में सवार होकर लोगों का आभार व्यक्त किया। सोशल मीडिया पर विनेश के घर जाने के दौरान की कई वीडियो सामने आई है, जिसमें वह अपने सफर के दौरान लोगों से मुलाकात कर रही हैं। पूरे रास्ते में लोग उनके स्वागत के लिए खड़े थे और इस पहलवान ने भी उनका आभार व्यक्त किया। इसके बाद वह खुली जीप में सवार होकर हरियाणा के अपने पैतृक गांव बलाली के लिए रवाना हुईं। रास्ते में, विनेश ने दिल्ली के द्वारका में एक मंदिर में प्रार्थना की।


**आईएमएफ की डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर भारत के दौरे पर**

# भारत रोजगार सृजन में पीछे, निजी निवेश बढ़ाने की जरूरत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर गीता गोपीनाथ ने कहा कि जी-20 देशों में रोजगार सृजन के मामले में भारत पिछड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या वृद्धि को देखते हुए भारत को 2030 तक 14.8 करोड़ अतिरिक्त रोजगार सृजित करने की आवश्यकता है। 2010 से शुरू होने वाले दशक में भारत की औसत वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रही, लेकिन रोजगार दर 2 प्रतिशत से कम रही। इसलिए कम समय में बहुत अधिक रोजगार सृजित करने होंगे।

उन्होंने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के एक कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा कि अधिक रोजगार सृजित करने के लिए निजी निवेश बढ़ाने की जरूरत है क्योंकि यह सकल घरेलू उत्पाद में सात प्रतिशत की वृद्धि के अनुरूप नहीं है। हालांकि, सार्वजनिक निवेश अच्छा चल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी शिक्षा प्रणाली में सुधार करना चाहिए, ताकि कुशल कार्यबल तैयार हो सके। गीता गोपीनाथ ने कहा कि आर्थिक विकास को बढ़ाने के रास्ते पर बने रहने और देश में पर्याप्त रोजगार सृजन सुनिश्चित करने के लिए भारत को और सुधारों की जरूरत होगी।



#### वित्त मंत्री सीतारमण ने की गीता से मुलाकात

इस बीच, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को गीता गोपीनाथ से मुलाकात की। इस दौरान वित्त मंत्री ने कहा कि भारत आइएमएफ के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए और अधिक तरीके तलाशने को तैयार है। गीता गोपीनाथ ने कहा है कि भारत वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत अभी दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और दमदार विकास दर की बदौलत जल्द ही सबसे आगे निकल सकता है। गीता गोपीनाथ का कहना है कि पिछले वित्त वर्ष के दौरान भारत की विकास दर उम्मीद से बेहतर रही है।

#### आयात शुल्क कम करने की जरूरत बताई

गीता गोपीनाथ ने कहा कि अगर भारत वैश्विक सप्लाई चेन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहता है तो उसे आयात शुल्क कम करने की जरूरत होगी। सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि विकसित देश का दर्जा प्राप्त करना एक जबरदस्त आकांक्षा है, लेकिन यह स्वत: नहीं होता है। इसे प्राप्त करने के लिए कई क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर निरंतर, सुसंगत प्रयासों की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि भारत अन्य विकासशील देशों के साथ समानता रखता है, जहां एकत्र किया जाने वाला अधिकांश कर राजस्व अप्रत्यक्ष कर है, न कि प्रत्यक्ष कर। हम अन्य विकासशील देशों को भी सलाह दे रहे हैं कि वे व्यक्तिगत आयकर आधार को व्यापक बनाएं, ताकि वहां से अधिक आय प्राप्त की जा सके।

### कॉन्फ्रेंस: केस स्टडीज के जरिए डॉक्टर्स सीख रहे हैं एडवांस टेक्नोलॉजी

# सही डाइग्नोस के होने के बाद ही मिलती है किसी भी मरीज के उपचार को सही दिशा

**बेधड़क.जयपुर।** स्पोर्ट्स इंजरी, ज्वाइंट पेन, नर्व पेन जैसी स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज में मस्कुलोस्केलेटल इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी की भूमिका स्टेथोस्कोप की तरह है। इससे समस्या की जड़ और कारण का पता लगा सकते हैं। सही डाइग्नोस के बाद इलाज को सही दिशा मिलती है। इसके बाद उपचार की पद्धति तय की जाती है और पता चलता है कि मरीज कितने समय में रिकवर हो सकता है। यह विचार डॉ. भीभू कल्याण नायक ने रखे। वे मस्कुलोस्केलेटल सोसायटी कॉन्फ्रेंस के 12वें संस्करण में बोल रहे थे। इस दौरान टॉक सेशन, लेक्चर और लाइव डेमोंस्ट्रेशन हुए। सेरेमनी में मुख्य अतिथि नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स साइंस डायरेक्टर डॉ. भीभू कल्याण नायक ही थे तो गेस्ट ऑफ ऑनर रेडियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ एमिरेट्स (दुबई) चेयरमैन डॉ. अब्दुल्ला अलरेमैथी रहे। इस दौरान सोसायटी प्रेसिडेंट (एमएसएस) डॉ. जयराज गोविंदराज, ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. एमपी गोयल, डॉ. आनंद गुप्ता, एमएसएस जनरल सेक्रेटरी डॉ. धर्मेंद्र कुमार सिंह, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. गौरव कांत शर्मा, डॉ. अभिमन्यू केलकर, आईआरआईए प्रेसिडेंट वाराप्रसाद वेमुरी, आईआरआईए जनरल सेक्रेटरी डॉ. मुरली कृष्ण मौजूद रहे। कॉन्फ्रेंस में 21 देशों के 750 से अधिक डेलीगेट्स हिस्सा ले रहे हैं।



#### पैनल डिस्कशन में मिली नई जानकारी

आर्थराइटिस डाइग्नोसिस, क्रिस्टल आर्थोपैथी, सेरोनेगेटिव आर्थराइटिस, केस बेस्ड आर्थराइटिस चैलेंज, शोल्डर स्पेक्ट्रम समेत अन्य सब्जेक्ट्स पर लेक्चर, पैनल डिस्कशन, मोटिवेशनल सेशन, क्विज आदि का आयोजन किया गया। इस दौरान देश-दुनिया के डॉक्टर्स ने नई जानकारियां साझा करते हुए अपनी रिसर्च आदि बताई।



**केस स्टडीज भी हैं आधार:** ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी व डायरेक्टर जयपुर इंस्टीट्यूट ऑफ पेन एंड स्पोर्ट्स इन्जुरीज अध्यक्ष डॉ. गौरव कान्त शर्मा ने बताया कि मस्कुलोस्केलेटल इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट की संख्या देश में बहुत कम है। कॉन्फ्रेंस में एक्सपर्ट्स के मार्गदर्शन में वर्कशॉप, लेक्चर, लाइव डेमोंस्ट्रेशन और केस स्टडीज के जरिए डॉक्टर के साथ एडवांस टेक्नोलॉजी साझा की जा रही है। इससे दुनिया भर के लोगों के साथ मेडिकल साइंस को फायदा होगा।

## श्रमदान से साफ-सफाई का संदेश



**बेधड़क. जयपुर।** टीम 10 ट्री एंबुलेंस ने विद्याधर नगर के सेक्टर 8 में मंदिर मोड़ से शास्त्री नगर की ओर जाने वाली रोड साइड की ग्रीन बेल्ट में पौधारोपण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पौधे लगाते हुए ग्रीनरी में बढ़ाने का प्रयास किया गया। साथ ही अलग-अलग गुप्स में बंटकर उन्होंने विद्याधर नगर की विभिन्न गलियों से पिकअप से मलवा उठाया और श्रमदान करते हुए साफ-सफाई का संदेश दिया। गौरतलब है कि टीम पिछले कई वर्षों से लगातार प्लांटेशन और श्रमदान कर रही है और इस सावन भी हजारों पेड़-पौधे लगा चुकी है।

## चैतन्य भारत दौड़ का पोस्टर विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** क्रीड़ा भारती की ओर से राष्ट्रीय खेल दिवस (मेजर ध्यानचंद जयंती) पर 29 अगस्त को जयपुर में होने वाली चैतन्य भारत दौड़ के पोस्टर विमोचन किया गया। कार्यक्रम में क्रीड़ा भारती के क्षेत्र संयोजक मेघसिंह चौहान, जयपुर महानगर मंत्री प्रतिभा सिंह, सहमंत्री युवराज मिश्रा, प्रांत उपाध्यक्ष लक्ष्मी स्वामी, प्रांत योग व सूर्य नमस्कार प्रमुख सत्यपाल सिंह, प्रांत संपर्क प्रमुख ओपी यादव, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य कल्याण सिंह सहित महानगर के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। क्रीड़ा भारती के क्षेत्र संयोजक मेघसिंह चौहान ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस पर सभी जिला मुख्यालयों पर चैतन्य भारत दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जयपुर में चैतन्य भारत दौड़ प्रियंका हॉस्पिटल अरावली मार्ग मानसरोवर से सुबह 6 बजे शुरू होगी।

## मरीजों को फल-मिठाइयां बांटी



**बेधड़क. जयपुर।** डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ ने देशभक्ति के तराने सुनाए और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते हुए मरीजों को बेहतर उपचार देने के अपने काम के प्रति प्रतिबद्धता जताई। मौका था रिषभ मल्टीस्पेसियालिटी अस्पताल में देशभक्ति कार्यक्रम के आयोजन का। इस मौके पर मरीजों को मिठाइयां और फल वितरित किए। सीईओ राज शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में अस्पताल के विभिन्न विभागों के प्रमुख डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और मरीजों के परिजनों ने भाग लिया। इस मौके पर डॉ. विश्वेश दवे और अर्जुन लाल मीना (सुबेदार) ने नई फिजियोथेरेपी यूनिट का भी उद्घाटन किया।

# City इवेंट्स

## दो कला पुस्तकों का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र और रूफटॉप की ओर से दो पुस्तकें 'द पेंटेड बैलेड्स-अ वॉयेज विथ कलर, म्यूजिक एंड पोएट्री' और 'द सेलेस्टियल ह्यू-ट्रांस, ट्रडीशन एंड डिवोशन' का प्रकाशन किया गया। कला व संस्कृति विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने दोनों पुस्तकों का विमोचन किया। इस दौरान केन्द्र की अति. महानिदेशक प्रियंका जोधावत, वरिष्ठ लेखाधिकरी चेतन कुमार शर्मा, रूफटॉप से कार्तिक गग्गर और उनकी टीम मौजूद रही। 'द पेंटेड बैलेड्स' में फड़ चित्रण जबकि 'द सेलेस्टियल ह्यू' पिछवाई कला के इतिहास, महत्व, तकनीकी पहलुओं और वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिकता के विषय को बताती है। प्रियंका जोधावत ने कहा कि केन्द्र की ओर से विरासत से विकास की ओर बढ़ने के ध्येय के साथ प्रकाशन का काम किया गया है। प्रदेश की लोक कलाएं हमारी विरासत हैं और सही मायनों में इनका विकास तभी होगा जब युवा पीढ़ी तक उन्हें पहुंचाया जाएगा।

## संत कुलरिया की स्मृति में पौधरोपण



**बेधड़क. जयपुर।** संत श्रीदुलाराम कुलरिया की पुण्यतिथि पर आह्वान जनकल्याण व सेवा समिति की ओर से ग्रीनसिटी मिशन में पौधा रोपण किया गया। समिति सदस्य नरेश वर्मा ने बताया कि संत की पुण्यतिथि पर बजाज नगर स्थित मौलश्री उद्यान, नेहरू उद्यान और अन्य स्थानीय उद्यानों में विभिन्न प्रकार के छायादार व फलदार पौधे लगाए गए। साथ ही पाली के घाणेराव और जोधपुर शहर में भी पौधे लगाए गए। संत दुलाराम कुलरिया के भामाशाह सुपुत्रों भंवर-नरसी-पूनम कुलरिया ने बीकानेर मूलवास-सीलवा में प्रारंभ सघन पौधरोपण अभियान की तर्ज पर उक्त कार्यक्रम जयपुर में किया। पौधारोपण के साथ देखभाल की शपथ ली। कई लोगों ने अपने व परिजनों के नाम से पौधे लगाए।

## भजनों पर झूमे जयपुराइट्स



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स ने भजनों की धुनों पर घंटों मग्न होकर स्वयं को भगवान के करीब पाया। गायक ने भी सुरों की लय में खूब मनोरंजन दर्शाया। मौका था नेट-थिएट कार्यक्रमों की कड़ी में घट-घट वासी कार्यक्रम में कलाकार वीणा मोदानी की वाणी में कार्यक्रम का। राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि कलाकार ने शुरूआत आस लगाए बैठे हैं सुनाकर की। इसके बाद भजन तू तो घट घट वासी है, तुम दीन दयालु हो सुनाए। तबले पर नवल डांगी तो वायलिन पर अशोक और हारमोनियम पर रमेश ने संगत की। संयोजक नवल डांगी तथा प्रकाश व कैमरा मनोज स्वामी और संगीत विनोद सागर ने किया।

### शिविरार्थियों ने मौन रहकर की आत्म साधना

# नरक गति का डर मन में रहेगा तो प्राणी धर्म की ओर अग्रसर होगा



**बेधड़क | जयपुर**

नरक गति का यदि मानव में डर रहेगा तो स्वाभाविक रूप से प्राणी धर्म की ओर अग्रसर होगा। हमें हमेशा अपने ह्दय को जिनवाणी से भिगोना चाहिए जिससे मन की कलुषिता समाप्त हो। चित्त जितना सरल होता है वह उतना ही छल कपट रहित होता है। यह विचार आदिनाथ भवन में मुनिश्री ने रखे। इस मौके पर अर्हं स्वात्म साधना शिविर में शिविरार्थियों ने मौन व एकांत रहकर आत्म साधना करते हुए स्व-कल्याण की क्रियाएं कीं। कार्यकारिणी सदस्य अरुण जैन व अशोक छाबड़ा ने बताया कि मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में लगाई गई सम्मेद शिखरजी की झांकी देखने श्रद्धालुगण उमड़े। प्रवचन से पूर्व आचार्य द्यिासागर की संगीतमय पूजा की गई। आचार्य समय सागर व मुनि प्रणम्य सागर महाराज का अर्घ्य चढ़ाया गया। मृदुल जैन, कविता जैन, प्रेक्षा जैन, चतक जैन मेरठ वालों ने आचार्य विद्यासागर व आचार्य समय सागर के चित्र का अनावरण किया। भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया। राजेश जैन व नीलम जैन परिवार ने प्रणम्य सागर का पाद पक्षालन कर शास्त्र भेंट किया। प्रदीप जैन, विनोद जैन कोटखावदा, दर्शन बाकलीवाल, सुभाष बज, सुधीर कासलीवाल ने मुनि को श्रीफल भेंट किया।

### JKK में दस दिन चलेगी फोटोग्राफ्स की एग्जीबिशन

# कैनवास पर उतार दिया सूर्योदय से सूर्यास्त तक का हर रंग



**बेधड़क | जयपुर**

पेंटिगनुमा फोटोग्राफ्स की 10 दिवसीय एग्जीबिशन से जवाहर कला केन्द्र की पारिजात कला दीर्घा निखर उठी। एग्जीबिशन की खासियत है कि प्रदर्शित सभी कलाकृतियां मूल रूप से पुष्पेन्द्र उपाध्याय के कैमरे से निकले हुए फोटोग्राफ्स हैं, लेकिन छायाकार ने इन्हें कैनवास पर इस तरह ट्रांसफार्म किया है कि देखने वाले को सभी छाया चित्र पेंटिंग्स की तरह नजर आते हैं। पुष्पेन्द्र 7 साल से छाया चित्रकारी कर रहे हैं। पिछले साल उन्होंने पहाड़ों के सौन्दर्य को प्रदर्शित किया था।

पूर्व मंत्री डॉ. बीडी कल्ला, हरिदेव जोशी यूनिवर्सिटी के संस्थापक वीसी ओम थानवी और समालोचक डॉ. दुर्गा प्रसाद अग्रवाल ने उद्घाटन किया। उन्होंने इस बार अपनी छाया चित्रकला को फोटो पेपर के स्थान पर कैनवास पर जीवंत किया है, जिसके केन्द्र में सूर्योदय से सूर्यास्त तक के नजारे हैं। पहले चित्र में पूर्व दिशा पर सुबह की लालिमा नजर आती है तो दूसरे में बादलों के पीछे से उदय होता सूर्य। एक फोटो में सूर्य को पेड़ पर बैठकर विश्राम करते दिखाया गया है। अगले ही चित्र में वो बादलों की ओट से झांक कर पृथ्वी की हलचल को निहारता प्रतीत हो रहा है। उपाध्याय ने बताया कि रविवार को एचआईवी पॉजिटिव बच्चों को एग्जीबिशन की सैर कराई जाएगी।

**Upcoming Event** 23 से जवाहर कला केन्द्र में लगेगा फोटोग्राफी महाकुंभ

# पहली बार 600 से अधिक तस्वीरों का सजेगा झरोखा

**बेधड़क | जयपुर**

कहते हैं तस्वीर सबकुछ बयां करती है। ऐसा ही स्वरूप जवाहर कला केंद्र की सहभागिता में राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत जयपुर में इंटरनेशनल नजर फोटो एग्जिबिशन के तीसरे सीजन वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर 23, 24, 25 अगस्त तक दिखाई देगा। फोटोग्राफी महाकुंभ में की 300 से अधिक फोटोग्राफर्स भाग लेंगे। 600 से अधिक तस्वीरें डिस्प्ले होंगी। इस दौरान राजस्थान से बीकानेर, अलवर, जोधपुर, अजमेर, सीकर, उदयपुर और लखनऊ, सतना,



इंदौर, हिमाचल, मुंबई, पंजाब, दिल्ली, झारखंड, उड़ीसा से तो इंटरनेशनल एंट्री इंग्लैंड, स्पेन, यूनाइटेड किंगडम, दुबई, सिंगापुर, पेरिस, न्यूयॉर्क, साउथ अफ्रीका से होगी।

#### आईएएस, आईपीएस भी दिखाएंगे हुनर

आईएएस, आईपीएस, जिला कलेक्टर, आरएस, आईएफएस अधिकारी अपनी तस्वीरें प्रदर्शित करेंगे। इसी के साथ जयपुर और राजस्थान के फोटोजर्नलिस्ट, वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर, डॉक्टर, स्टूडेंट फोटोग्राफर हुनर दर्शाएंगे। एग्जीबिशन संरक्षक रेणुका कुमावत ने बताया, कि भारत की संस्कृति के साथ खूबसूरत तस्वीरें देखने को मिलेंगी।



#### मुख्यमंत्री ने किया पोस्टर का विमोचन

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष ने पोस्टर विमोचन किया और एग्जिबिशन उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया। सभी के लिए 1890 से ओल्ड विरासत केमरे भी डिस्प्ले किए जाएंगे। एग्जीबिशन में पहली बार 3 फोटोग्राफर ओर 2 फोटोजर्नलिस्ट का सम्मान होगा।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, रविवार, 18 अगस्त, 2024



“हम अपनी ग़लतियां भूल सकते हैं, पर हमारी ग़लतियां हमें नहीं भूलतीं।”
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### यूक्रेन से अपने सैनिकों को बाहर निकालने लगे पुतिन

# रूस में यूक्रेनी सेना के हमले का दिखने लगा असर

एजेंसी | मॉस्को

रूस और यूक्रेन युद्ध एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच गया है। यूक्रेनी सेना रूस के अंदर घुस गई है, जिसने पुतिन की सेना की टेंशन बढ़ा दी है।

इस बीच ऐसी रिपोर्ट आई है कि रूस अपने सैनिकों को कब्जाए गए यूक्रेन के इलाके से निकालने लगा है। यूक्रेन में तैनात सैनिकों को रूस के अंदर पहुंची यूक्रेनी सेना से लड़ने के लिए भेजा जा रहा है। यह दिखाता है कि रूसी सेना की अब यूक्रेन पर पकड़ कमजोर होने लगी है।

सीएनएन को दो अमेरिकी अधिकारियों ने इस बारे में बताया है। इस घटनाक्रम ने अमेरिका का ध्यान आकर्षित किया है और अब अमेरिकी अधिकारी यह पता लगाने में लगे हैं कि आखिर कितने सैनिकों को रूस ने यूक्रेन से निकाला है।

रिपोर्ट के मुताबिक 1000 सैनिकों से बने कई ब्रिगेड अब रूस के कुर्स्क में भेज दिए गए हैं। यूक्रेन ने पिछले सप्ताह यहां हमला किया है। अमेरिका राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने गुरुवार को कहा, ‘यह साफ है कि पुतिन और रूसी सेना कुछ इकाइयों को कुर्स्क ओब्लास्ट की ओर भेज रहे हैं। उन मोर्चों पर अभी यूक्रेन से लड़ने के लिए सक्रिय लड़ाई चल रही है।’ किर्बी ने यह साफ कर दिया है कि यूक्रेन से रूसी सैनिकों के जाने का मतलब यह नहीं कि पुतिन ने यूक्रेन के उत्तर-पूर्वी हिस्से या दक्षिण में जापोरिज्जिया जैसी जगहों पर सैन्य अभियान बंद कर दिया है। उन मोर्चों पर भी भी लड़ाई जारी है।





## रूस के साथ अमेरिका भी हैरान

शुरुआत में जब यूक्रेन ने रूस में हमला किया था तो इसे पुतिन को अपमानित करने की एक मनगढ़ंत कोशिश माना जा रहा था। लेकिन रूस ने सैनिकों को यूक्रेन से निकाल कर दिखा दिया है कि इसका रणनीतिक प्रभाव पड़ रहा है। हालांकि यह इस बात पर निर्भर करता है कि यूक्रेन रूसी क्षेत्र पर कब तक कब्जा कर पाता है। यूक्रेन के रूस पर हमले से अमेरिकी अधिकारी प्रभावित हैं, खास तौर से तब जब यूक्रेनी सेना अटैक को पूरी तरह सीक्रेट रखा। इसने रूस के साथ-साथ अमेरिकी अधिकारियों को भी हैरान कर दिया है।

## यूक्रेन के लिए क्या हुई मुश्किल

हालांकि रूस पर हमला करके यूक्रेन ने अपनी 965 किमी के बॉर्डर को कुछ जगहों पर कमजोर करने का जोखिम उठाया है, लेकिन यह उन रूसी सैनिकों को अपने कदम पीछे करने को मजबूर कर सकता है जो यूक्रेन के अंदर गर्मियों में घुस रहे थे। यूक्रेन का कहना है कि उसने अपने हमले के बाद 1000 वर्ग किमी से ज्यादा की रूसी जमीन पर कब्जा कर लिया है। इस कारण हजारों रूसी लोग अपने घरों को छोड़ने पर मजबूर हो गए हैं। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि ऑपरेशन का प्रमुख लक्ष्य पुतिन के लिए रणनीतिक दुविधाएं पैदा करना दिख रहा है, ताकि वह यह न समझ पाएं कि अपनी सेना को कहां लगाना है।

## कुर्स्क की सड़कों पर सड़ते शव, घरों पर गोलियों के निशान

रूस के कुर्स्क के हालात ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की टेंशन को बढ़ा दिया है। यह वही इलाका है, जिस पर यूक्रेनी सेना ने कब्जा कर लिया है। हालात इतने बुरे हैं कि दूर-दूर तक रूसी सेना नजर नहीं आ रही। कुर्स्क की सड़कों पर शव सड़ रहे हैं। घरों और सड़कों के किनारे खड़ी कारों पर गोलियों के निशान साफ नजर आ रहे हैं। चौक पर लगी लेनिन की मूर्ति का आधा चेहरा उड़ चुका है। सड़कें छर्रों से अटी पड़ी हैं। शहर में जो लोग बचे हैं, वे बम शेल्टर में रहने को मजबूर हैं। इसके बावजूद रूस का दावा है कि यूक्रेनी सेना सिर्फ 30 किमी तक ही अंदर घुस पाई है और उन्हें खदेड़ने के लिए जवाबी कार्रवाई जारी है। हालांकि, यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की का दावा है कि उनकी सेना रूस में 100 किमी अंदर तक घुस गई है और अपना अस्थाई बेस भी बना लिया है।

## कुर्स्क में रूसी सेना का नामों-निशान नहीं

यूक्रेन के लिए कुर्स्क में जो हो रहा है, वह आम बात है। उन्होंने कई यूक्रेनी शहरों में ऐसे हालात देखे हैं। हालांकि, रूस के लिए यह बिलकुल नया है। ग्यारह दिन पहले यूक्रेन ने रूस के सीमावर्ती शहर सुद्झा पर हमला किया और गुरुवार को वलोडिमिर जेलेंस्की ने दावा किया कि यह शहर अब उनके नियंत्रण में है। आज से दो साल पहले जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन पर हमला शुरू किया था, तब उन्हें इस बार की बिलकुल भी उम्मीद नहीं थी कि एक दिन वैसा ही हमला वापस उन पर किया जाएगा। कुर्स्क पर रूस का नियंत्रण पूरी तरह से खत्म हो चुका है। हालांकि, यूक्रेन ने भी ठीक तरह से कब्जा नहीं किया है। ऐसे में यह शहर अपने भाग्य के भरोसे बैठा हुआ है।

### अमेरिका ने इजराइल को लेकर ईरान को दी चेतावनी...

# हमले का नतीजा ‘प्रलय’

एजेंसी | वॉशिंगटन

इस बात की आशंका लगातार बनी हुई है कि ईरान कभी भी इजराइल पर हमला कर सकता है। इसे लेकर अब अमेरिका के एक अधिकारी ने ईरान को विनाशकारी परिणाम की चेतावनी दी है। ईरान में हमास चीफ इस्माइल हानिया की मौत हो गई थी। ईरान का आरोप है कि हानिया की मौत में इजराइल का हाथ है। ईरान ने इसका बदला लेने की बात कही थी।

अमेरिकी अधिकारी ने कहा इजराइल पर ईरान अगर हमला करता है तो इसके विनाशकारी परिणाम होंगे और यह गाजा युद्धविराम की बातचीत को भी पटरी से उतार देगा। एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि अमेरिका ईरान को प्रोत्साहित करेगा कि वो एक ऐसे रास्ते पर न चलें, जिसका परिणाम काफी विनाशकारी हो सकता है, खासकर ईरान के लिए। अधिकारी ने आगे कहा, ‘यह हमास था, जो ईरान का एक प्रॉक्सी है, जिसने 7 अक्टूबर को इस युद्ध की शुरुआत की थी।’



## संघर्ष विराम के करीब पहुंचे इजराइल-हमास

गाजा युद्ध संघर्ष विराम वार्ता के मध्यस्थों ने शुक्रवार को जानकारी दी कि दो दिवसीय वार्ता समाप्त हो गई और उनका लक्ष्य अगले सप्ताह काहिरा में होने वाली बैठक में युद्धविराम समझौते पर मुहर लगाना है। अमेरिका, मिस्र और कतर ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वार्ता रचनात्मक थी और सकारात्मक माहौल में हुई। उन्होंने दोनों पक्षों के सामने एक प्रस्ताव पेश किया और आने वाले दिनों में इसे लागू करने के विवरण पर काम करना जारी रखने की उम्मीद जताई।

## युद्धविराम को लेकर बाइडेन को आशा

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन गाजा में इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के समझौते की संभावनाओं को लेकर शुक्रवार को आशान्वित नजर आए और कहा, ‘हम पहले की तुलना में इस बार समझौते के काफी अधिक करीब” हैं। दोहा में दो दिनों की वार्ता के बाद ओवल कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में बाइडेन ने कहा, ‘मैं नकारात्मक टिप्पणी नहीं करना चाहता, लेकिन संघर्ष विराम तीन दिन पहले की तुलना में बहुत करीब है।’ इस दो-दिवसीय वार्ता में अगले सप्ताह वार्ता जारी रखने पर सहमति बनी। दस महीने से चल रहे युद्ध में यह पहली बार नहीं है कि बाइडेन ने समझौते को लेकर आशा व्यक्त की हो।

### योग की तस्वीरों से लीक!

# भारत का न्यूक्लियर वेपन सीक्रेट!

### ■ अमेरिकी परमाणु वैज्ञानिकों का खुलासा

एजेंसी | वॉशिंगटन

पूरी दुनिया में इन दिनों तीसरे विश्वयुद्ध की आहट सुनाई दे रही है। यूक्रेन से लेकर ताइवान तक परमाणु युद्ध की धमकी दी जा रही है। एटम बम से लैस चीन और पाकिस्तान से घिरा भारत एक परमाणु हथियार संपन्न राष्ट्र है और इनको दागने के लिए जमीन, हवा और पानी तीनों से ही क्षमता मौजूद है। अमेरिका के परमाणु वैज्ञानिकों ने भारतीय युद्धपोतों पर योग करने की तस्वीरों के आधार पर भारत के परमाणु हथियारों के सीक्रेट को लेकर बड़ा खुलासा किया है। वैज्ञानिकों ने इन तस्वीरों के आधार पर बताया कि भारत ने अब समुद्र के अंदर छिपी रहने वाली सबमरीन आधारित परमाणु मिसाइलों की ओर कदम बढ़ा दिया है।



## भविष्य में और बढ़ेगी भारत की ताकत

अमेरिका के फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट के वैज्ञानिकों ने हाल के दिनों में भारत के युद्धपोतों की तस्वीरों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है कि भारत अब दुनिया के उन कुछ चुनिंदा देशों की लिस्ट में शामिल हो गया है, जो सबमरीन से परमाणु हमला करने में सक्षम हैं। भारत के पास अभी 172 परमाणु बम हैं। भारत ने अभी परमाणु ऊर्जा से चलने वाली सबमरीन पर बहुत तेजी से काम बढ़ाया है, जिससे यह ताकत आने वाले समय में और ज्यादा बढ़ जाएगी।

## धनुष है बेलिस्टिक मिसाइल

भारत ने पानी में अपनी परमाणु प्रतिरोधक क्षमता को हासिल करने के लिए अपने दो ऑफशोर पेट्रोल वेसल में धनुष परमाणु मिसाइल को लॉन्च करने की क्षमता से लैस कर दिया था। धनुष भारत की एक कम दूरी तक मार करने वाली बेलिस्टिक मिसाइल है जिसे युद्धपोत से दागा जा सकता है। यह पृथ्वी मिसाइल परिवार की ही है। इसमें पृथ्वी 1, पृथ्वी 2 और पृथ्वी एयर डिफेंस इंटरसेप्टर शामिल हैं। धनुष एक सिंगल स्टेज, तरल ईंधन से चलने वाली मिसाइल है जो परमाणु और परंपरागत दोनों ही तरह के हथियार ले जा सकती है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl